रोहतक
सोमवार 26 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 358
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 17.4
न्यून. 1.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com






RERA REGISTRATION NO.: HRERA-PKL-ROH-513-2023 Dated: 20.10.2023
Project Name: Vijaylaxmi Greens-Rohtak I Developer Name: Vijaylaxmi Infrabuild Pvt. Ltd.

दीन दयाल जन आवास योजना

Payment Plan 10:30:30:30

# दीन दयाल प्लॉट्स हरियाणा

**UNDER DEEN DAYAL JAN AWAS YOJNA 2016, GOVERNMENT OF HARYANA**

## हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत फ्री होल्ड आवासीय प्लॉट

**General public is hereby informed that affordable plots under deen dayal jan awas yojna is open for registration**

## सेक्टर–22डी, रोहतक–एनसीआर, हरियाणा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **Vijaylaxmi Greens** सेक्टर–22डी, रोहतक–एनसीआर, हरियाणा में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत आवासीय भूखंड (हरियाणा सरकार की अफोर्डेबल प्लॉटेड कॉलोनी **DDJAY-2016** के तहत) पंजीकरण के लिए खुली हैं। विवरण वेबसाइट **www.deendayalplotsharyana.com** पर उपलब्ध है।

**ADJOINING TAKSHILA INTERNATIONAL SCHOOL MAIN NH-9 (ROHTAK-HISAR HIGHWAY)**

| शुरूआती मूल्य | आवेदन की अंतिम तिथि | आवंटन की तिथि |
|---|---|---|
| ₹ 54.18 Lakh | 26-01-2026 | 28-01-2026 |

**आवेदन करने के लिए भुगतान (100% रिफंडेबल) ₹ 11,000 मात्र**

**PAYMENT PLAN 1: For Women/Govt. Employee/Ex- Service Man/Senior Citizen**

| Type | Plot Size (Sq. Yd.) | Plot Size (Sq. Mtr.) | Price Per Sq. Yd. | 10% within 5 days | 30% within 30 days | 30% within 60 days | 30% Payment on Conveyance Deed | Total Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Type-A | 109.46 | 91.52 | ₹ 49,500 | ₹ 5,41,827 | ₹ 16,25,481 | ₹ 16,25,481 | ₹ 16,25,481 | ₹ 54,18,270 |
| Type-B | 117.21 | 98.00 | ₹ 49,500 | ₹ 5,80,191 | ₹ 17,40,568 | ₹ 17,40,568 | ₹ 17,40,568 | ₹ 58,01,895 |

**PAYMENT PLAN 2: For General Category**

| Type | Plot Size (Sq. Yd.) | Plot Size (Sq. Mtr.) | Price Per Sq. Yd. | 10% within 5 days | 30% within 30 days | 30% within 60 days | 30% Payment on Conveyance Deed | Total Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Type-A | 109.46 | 91.52 | ₹ 55,000 | ₹ 6,02,030 | ₹ 18,06,090 | ₹ 18,06,090 | ₹ 18,06,090 | ₹ 60,20,300 |
| Type-B | 117.21 | 98.00 | ₹ 55,000 | ₹ 6,44,655 | ₹ 19,33,965 | ₹ 19,33,965 | ₹ 19,33,965 | ₹ 64,46,550 |

*PLC & Govt. Charges Applicable — The Registration is 100% refundable if you are not successful — 1 Sq. Mtr. = 1.196 Sq. Yd.





**AMENITIES**



Gated Township


Open Gym



Attached Market


CCTV Camera


Kids Play Area



24x7 Security


Street Light

**Loan Approved**

**हेल्पलाइन नं. : +91-98123 89898**

**Register Online: www.deendayalplotsharyana.com**

Scan for Online Registration

# चौधरी मित्रसेन आर्य : वेद, पुरुषार्थ और संस्कार से गढ़ा जीवन

||
इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी स्मृति केवल अतीत नहीं होती, बल्कि वर्तमान के दर्शन और भविष्य को दिशा देने का कार्य करती हैं। इतिहास कुछ लोगों को जन्म देता है और कुछ लोग इतिहास को दिशा देते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। 27 जनवरी 2011 को उन्होंने 79 वर्ष की आयु में भौतिक शरीर का परित्याग किया, किंतु वेद जिस कीर्तिमय शरीर की बात करते हैं वह आज भी जीवित है, प्रेरक है। चौधरी मित्रसेन जी की पुण्यतिथि केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। आज, उनकी पुण्यतिथि पर यह कहना उचित होगा कि चौधरी मित्रसेन जी हमारे बीच शरीर से अनुपस्थित हैं, परंतु विचारों से हर जगह उपस्थित हैं।
||

**न जायते म्रियते वा कदाचित् (भगवद्गीता)**
अर्थात आत्मा न जन्म लेती है, न मरती है।

यह श्लोक केवल आध्यात्मिक सत्य नहीं, बल्कि चौधरी मित्रसेन जी के जीवन का यथार्थ है। उनका शरीर भले ही नश्वर था, पर उनका कर्म, उनका विचार और उनका पुरुषार्थ अमर है। इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी स्मृति केवल अतीत नहीं होती, बल्कि वर्तमान के दर्शन और भविष्य को दिशा देने का कार्य करती है। इतिहास कुछ लोगों को जन्म देता है और कुछ लोग इतिहास को दिशा देते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। भले ही 27 जनवरी 2011 को उन्होंने 79 वर्ष की आयु में भौतिक शरीर का परित्याग किया, किंतु वेद जिस कीर्तिमय शरीर की बात करते हैं, वह आज भी जीवित है, प्रेरक है। चौधरी मित्रसेन जी की पुण्यतिथि केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। आज, उनकी पुण्यतिथि पर यह कहना उचित होगा कि चौधरी साहब हमारे बीच शरीर से अनुपस्थित हैं, परंतु विचारों से हर जगह उपस्थित हैं। 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी गांव में जन्मा यह बालक उस कालखंड की उपज था, जब देश स्वतंत्रता की पीड़ा और स्वप्न दोनों को एक साथ जी रहा था। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के बाद देश की आत्मा जाग चुकी थी। गांव-गांव, घर-घर स्वतंत्रता का स्वर गूंज रहा था। ऐसे वातावरण में जन्मे मित्रसेन जी को देशभक्ति विरासत में मिली। उनके पिता चौधरी शीशराम किसान होने के साथ-साथ आर्य समाज की विचारधारा के संवाहक थे। महर्षि दयानंद सरस्वती के 'विचार, आर्य समाज की मर्यादाएं व राष्ट्रप्रेम' इन तीनों का गहरा संस्कार बालक मित्रसेन के व्यक्तित्व में आरंभ से ही रच-बस गया।

## विपत्ति ने छीना बचपन, पर नहीं छीन सकी संकल्प

जीवन ने बहुत जल्दी मित्रसेन की परीक्षा ले ली। मात्र दस वर्ष की आयु में पिता की आंखों की रोशनी चली गई। इसके बाद परिवार से चाचाओं की छत्रछाया भी उठ गई। यह ऐसा समय था जब अधिकांश बच्चे खेल रहे होते थे, लेकिन मित्रसेन जी को इस उम्र में खेत संभालने पड़े। यहां से शुरू होती है वह कहानी, जो बताती है कि संकट यदि इच्छाशक्ति से टकराए, तो इतिहास बनता है। कम उम्र में ही मित्रसेन जी यह समझ चुके थे कि केवल परंपरागत खेती पर निर्भर रहकर भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। इसे देखते हुए उन्होंने संकल्प लिया और तकनीकी ज्ञान को अपनाया। उन्होंने रोहतक में लेथ और इंजन बोरिंग मशीन का काम सीखा। ये उनकी दूरदर्शिता ही थी कि एटलस साइकिल, सोनीपत से लेकर रोहतक बिजलीघर और उदयपुर के कारखानों तक, हर जगह उन्होंने केवल नौकरी नहीं की, बल्कि अनुभव संजोया। 1955 में जब रोहतक में उन्होंने अपना लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना स्थापित किया, तब यह केवल एक उद्योग नहीं था, बल्कि यह आत्मनिर्भरता की घोषणा थी।

## राष्ट्रप्रेमः हिंदी सत्याग्रह में जेल गए

आमतौर पर देखा जाता है कि जैसे-जैसे उद्योग बढ़ता है, सामाजिक सरोकार घटते जाते हैं। लेकिन चौधरी मित्रसेन इस प्रवृत्ति के अपवाद थे। एक ओर उनका औद्योगिक विस्तार उड़ीसा के बड़विल से होते हुए देश-विदेश तक पहुंचा, तो दूसरी ओर वे समाजसेवा में भी उतने ही सक्रिय रहे। 1957 के हिंदी सत्याग्रह में वे जेल गए जो यह दर्शाता है कि उनके लिए राष्ट्रप्रेम केवल भाषण नहीं, व्यवहार था।

## परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वय

चौधरी मित्रसेन का जीवन इस मिथक को तोड़ता है कि उद्योग और आध्यात्म साथ नहीं चल सकते। उनके परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वय दिखता है। पंच महायज्ञ, ईश्वर उपासना, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना यह सब आज भी उनके परिवार की पहचान है। चौधरी मित्रसेन जी ने आर्य मर्यादाओं के अनुरूप अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया। उन्होंने अपने घर में जिन मर्यादाओं और संस्कारों की प्रतिष्ठा की, वे आज भी उनके परिवार की जीवनशैली में जीवंत रूप से विद्यमान हैं। उनका घर केवल निवास स्थान नहीं, बल्कि एक जीवंत इतिहास है जहां आर्यावर्त की गौरवगाथा दीवारों पर अंकित है।



**चौधरी मित्रसेन आर्य जी**

**जन्म :** 15 दिसंबर 1931, खांडाखेड़ी (हिसार)
**प्रेरणा स्रोत :** वेद, महर्षि दयानंद सरस्वती
**पहचान :** समाजसेवी, वेदानुगामी व उद्योगपति
**विशेष योगदानः** आदिवासी-वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा व संस्कार का रोपण, वैदिक साहित्य प्रकाशन
**निर्वाण :** 27 जनवरी 2011

## समाजहित जीवन का उद्देश्य

**"कृण्वन्तो विश्वमार्यम् ।"(ऋग्वेद)**
*अर्थात-संपूर्ण विश्व को श्रेष्ठ और उदात्त बनाना ही मानव का कर्तव्य है।*

चौधरी मित्रसेन जी का जीवन इस वैदिक भाव का सजीव उदाहरण था। उन्होंने समाजहित को अपने जीवन का उद्देश्य मानते हुए समय, पुरुषार्थ और धन तीनों का समर्पण निरंतर भाव से किया। उनके चिंतन और आचरण में बुद्धिमत्ता, पुरुषार्थ, साहस तथा उदारता का ऐसा समन्वय दृष्टिगोचर होता है, जिसने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अनुकरणीय मानदंड स्थापित किए। यद्यपि चौधरी मित्रसेन जी की नश्वर देह को इस संसार से विदा हुए 15 वर्ष बीत हो चुके हैं, किंतु उनके द्वारा स्थापित औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण संस्थान, गुरुकुल तथा विविध सामाजिक न्यास आज भी सक्रिय हैं और यह अहसास करवाते हैं कि चौधरी साहब हमारे आसपास ही हैं। वे अपने कीर्तिमय जीवन से सतत मार्गदर्शन करते हैं। उनके विचार आज भी इन अमृतवचनों के रूप में समाज को दिशा देते हैं कि सफलता का मूलमंत्र आस्तिक भाव से ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए, नेक इरादों और हंसते-हंसते पुरुषार्थ करना है।

## शिक्षा संस्थान और उद्योग

चौधरी मित्रसेन द्वारा अनेक गुरुकुल विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई। शिक्षा को समाज निर्माण का आधार मानते हुए उन्होंने इन संस्थानों के माध्यम से संस्कारयुक्त और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिया। वर्तमान में चौधरी मित्रसेन का व्यावसायिक साम्राज्य देश के विभिन्न राज्यों में फैला हुआ है। उनके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में विविध प्रकार के व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में कोल वॉशरी, खनिज खनन तथा ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में उनका प्रभावशाली कार्य है। इसके साथ-साथ थर्मल पावर प्लांट व अन्य उद्योग भी प्रारंभ होकर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में भी उनके व्यवसाय सक्रिय हैं। होटल व्यवसाय और वित्तीय कंपनियों के अतिरिक्त मीडिया क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। उनके द्वारा लगाया गया पौधा दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र हरियाणा, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्य प्रदेश में भी अपनी विशेष पहचान बना चुका है। हरिभूमि देश के दस सर्वाधिक पाठक संख्या वाले हिंदी दैनिक समाचार पत्रों में सम्मिलित रहा है।

## परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से समाजसेवा की मिसाल

पिछले कई वर्षों से चौधरी मित्रसेन ने अपना जीवन समाजसेवा को समर्पित करते हुए परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से मानव कल्याण का एक सशक्त अभियान खड़ा किया है। उनका मानना है कि सच्ची सेवा वही है, जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसी सोच के साथ यह संस्थान वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। परममित्र मानव निर्माण संस्थान के जरिए न केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय योगदान दिया जा रहा है। समाजसेवा में जुटे विभिन्न संगठनों और संस्थानों को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और सहयोग देकर उनकी कार्यक्षमता को मजबूत किया जा रहा है, ताकि समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाया जा सके। चौधरी मित्रसेन के नेतृत्व में परममित्र मानव निर्माण संस्थान आज केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुका है। यह संस्थान समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है कि यदि संकल्प मजबूत हो, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना संभव है।

## मित्र स्मृति स्तंभ सांस्कृतिक धरोहर

**"यं पूर्वे ऋषयो विदुः।"(ऋग्वेद)**
*अर्थात—जिस पथ पर पूर्वज ऋषि चले, वही लोकमंगल का मार्ग है।*

प्रायः यह देखा जाता है कि जहां लक्ष्मी का निवास होता है, वहां सरस्वती का अभाव रहता है, किंतु चौधरी मित्रसेन जी के परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वित वास है। यह उनकी और उनके परिवार की सारस्वत अभिरुचि का ही परिणाम है कि उनके आश्रम तुल्य गृह की चारदीवारी पर सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक के आर्यावर्त के इतिहास की गौरवमयी झलकियां अंकित हैं, जो सभी को रोमांच और आत्मगौरव से भर देती हैं। खांडाखेड़ी गांव में बनाए गए मित्र स्मृति स्तंभ में प्रदर्शित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक झलकियां यह स्पष्ट करती हैं कि उनका परिवार न केवल उनकी आर्थिक विरासत का, बल्कि सामाजिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का भी पूर्ण निष्ठा से संरक्षण कर रहा है।

---

**जन्मदिन पर वृद्ध आश्रम जाकर सीएम ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया**

# मुख्यमंत्री ने गोपूजा कर लिया आशीर्वाद, 14 गोशालाओं को चारे के लिए 1.22 करोड़ दिए

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर गोसवा की सेवा के पवित्र संकल्प को साकार करने की दिशा में एक और अहम कदम उठाते हुए माता मनसा देवी गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में जिला की 14 गोशालाओं के लिए 1 करोड़ 22 लाख 46 हजार रुपये की चारा अनुदान राशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सकेतड़ी की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के कच्चे रास्ते के सुदृढ़ीकरण व नवीनीकरण के लिए 20 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी पत्नी सुमन सैनी सहित माता मनसा देवी गोधाम में गो सेवा की और चारा और गुड़ खिलाकर गोमाता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने गोपूजन भी किया।




**अब तक 270 करोड़ दिए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों मे पंजीकृत गोशालाओं को चारे के लिए 270 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। गोशालाओं को अन्य सुविधाएं भी सरकार दे रही है। इस अवसर पर हरियाणा गोसेवा आयोग अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग, विधायक शक्ति रानी शर्मा, विधानसभा पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अन्य नेताओं ने दी बधाई



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जन्मदिन के अवसर पर देश के शीर्ष नेतृत्व सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फोन कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए उन्हें जनसेवा के प्रति समर्पित और ऊर्जावान नेता बताया। वहीं मुख्यमंत्री ने पंचकूला के गांव समराल (भोज नेता) पहुंचे और ग्रामीणों के बीच बैठ कर मन की बात कार्यक्रम सुना। मुख्यमंत्री पंचकूला के शिशु गृह भी पहुंचे और बच्चों को पर मिठाइयां बांटी और इसके बाद वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुद्वारा साहिब में जाकर माथा भी टेका।

## मनरेगा के फायदे बताने के लिए पदयात्रा करेंगे कांग्रेसी



**चंडीगढ़।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के संरक्षण और इसकी मूल भावना को बनाए रखने के उद्देश्य से हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद की अध्यक्षता और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जूम बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीके हरि प्रसाद ने सांसदों, विधायकों और जिलाध्यक्षों, एवं प्रदेश पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पदयात्रा के माध्यम से लोगों से संवाद करें, उनसे चर्चा करें और आमजन को मनरेगा की फायदों के बारे में जागरूक करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह बैठक हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के नाम और ढांचे में किए गए बदलावों के विरोध में जमीनी स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की दिशा में एक प्रमुख कदम है।

## बजट के नाम पर गुमराह कर रही सरकार : हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने हमेशा बजट के नाम पर जनता को गुमराह किया है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए सरकार द्वारा हर बार विपक्ष से बजट को लेकर सुझाव मांगकर जनता की आंखों में धूल झोंकी जाती है। विपक्ष ने बजट पर कई बार इस सरकार को आम जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भेजे, लेकिन आज तक बीजेपी ने उनमें से किसी भी सुझाव पर कोई अमल नहीं किया। यही वजह है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था का लगातार बंटाधार होता जा रहा है। कर्ज आसमान छू रहा और कोई रचनात्मक कार्य नहीं हो रहे। हरियाणा की अर्थव्यवस्था हर पैमाने में पिछड़ रही है, यही कारण है कि हरियाणा बनने से लेकर 2014 तक जिस प्रदेश पर मात्र 70 हजार करोड़ का कर्ज था, वह अब 5 लाख करोड़ पर पहुंच गया है।

## जेजेपी ने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र भागीराम व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ में 84 हलका अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की। अंबाला सिटी हलके में अशोक बलाना, अंबाला कैंट में सुनील माजरा, मुलाना में सुरेंद्र कुमार, नारायणगढ़ में अजय कुमार, भिवानी में हितेश सांवरिया को हलका अध्यक्ष नियुक्त किया। अन्य जिलों में भी नियुक्तियां की गई।

## राहुल को इतिहास और संस्कृति का ज्ञान नहीं

**चंडीगढ़।** सूबे के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान कि जैसे देश से मुगल और अंग्रेज चले गए वैसे ही भाजपा भी चली जाएगी, पर हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को इतिहास का ज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा कि मुगल और अंग्रेज विदेशी थे, इसलिए वो देश से वह चले गए। मगर भारतीय जनता पार्टी देश की माटी से बनी पार्टी है, इस देश की, संस्कृति की, ज्ञान की और यहां के लोगों की पार्टी है, और राहुल गांधी ऐसा कह रहे हैं तो वह लोगों को गाली दे रहे हैं।

## जन-जन को जोड़ रहा मन की बात कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को पीएम मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 130वां संस्करण गुरुग्राम महानगर के कार्यकर्ताओं के साथ बूथ नंबर 37, भौंडसी श्याम कुंज में सुना। बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम जन-जन को जोड़ने, सकारात्मकता जगाने और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का संकल्प दृढ़ करने वाला सशक्त संवाद है। उन्होंने कहा कि यह संवाद हर भारतीय को कर्म, कर्तव्य और करुणा के मार्ग पर प्रेरित करता है।

# गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी

**चंडीगढ़ ।** सूबे की नायब सैनी सरकार कुरुक्षेत्र के उमरी में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन करने की तैयारी में है। इस कार्यक्रम के बहाने प्रदेश सरकार के सियासी दिग्गज एक तीर से कई निशाने साधने की तैयारी में है। खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने इसके लिए राज्य के दलित समाज से वरिष्ठ मंत्रियों कृष्ण पंवार, कृष्ण बेदी और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुदेश कटारिया ने बताया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती को लेकर वे सभी संयुक्त प्रयासों में जुटे हुए हैं। गत दिवस इस संबंध में एक अहम बैठक भी आनलाइन की गई थी, जिसमें सभी मंत्रियों और प्रमुख नेताओं के साथ साथ में भाजपा हरियाणा मामलों के प्रभारी भी जुड़े थे। कटारिया ने बताया कि पूरे राज्यभर से बसें आएंगे और राज्य के हर जिले और शहरों में संत रविदास जी की फ्लैक्स और अन्य प्रचार सामग्री भी लगाई जाएगी।

## दक्षिण हरियाणा का भी तेजी से हो रहा विकास : नरबीर

**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य और वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार समुचित हरियाणा के साथ-साथ दक्षिण हरियाणा के विकास को लेकर संकल्पित है। वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास के तहत अंत्योदय की भावना से पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची के योग्यता के आधार पर के आधार पर सरकारी नौकरियां मिल रही है। आज में एम्स, यूनिवर्सिटी और बड़े-बड़े महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। इसी के साथ नेशनल हाईवे सहित गांव और शहरों की सड़कों को बेहतर बनाया जा रहा है। गांवों में भी शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाकर सरकार ग्रामीणों को सुविधाएं देने का कार्य कर रही है।





रोहतक

सोमवार 26 जनवरी 2026

माघ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 358

पृष्ठ 18 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 19.2

न्यून. 1.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




haribhoomi.com


### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गैलेंट्री पुरस्कारों की घोषणा

# शौर्य को सम्मान

## 3 अफसरों को कीर्ति चक्र, 13 को शौर्य, 982 पुलिसकर्मियों को सेवा मेडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने गैलेंट्री अवॉर्ड्स और सर्विस मेडल की घोषणा की। एस्ट्रोनॉट और एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं तीन को कीर्ति चक्र और 13 को शौर्य चक्र दिया जाएगा। इस बार 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़ें कर्मियों को बेहतरीन (उत्कृष्ट) सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। इनमें 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल्स) भी शामिल हैं।



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अशोक चक्र से सम्मानित होंगे

**सीआरपीएफ को 12 वीरता पुरस्कार, सीबीआई के 31 अफसरों को प्रेजिडेंट मेडल और मेरिटोरियस मेडल**

### कैटेगरीज वाइज इन्हें मिलेगा सम्मान

- **125 गैलेंट्री मेडल:** 121 पुलिसकर्मी और 4 फायर ब्रिगेड कर्मी
- **101 प्रेसिडेंट मेडल :** 89 पुलिस, 5 फायर ब्रिगेड, 3 सिविल डिफेंस/होम गार्ड और 4 करेक्शनल सर्विस कर्मी
- **756 मेरिटोरियस सर्विस मेडल :** 664 पुलिस, 34 फायर ब्रिगेड, 33 सिविल डिफेंस/होम गार्ड और 25 करेक्शनल सर्विसकर्मी।



आरजी कर की जांच करने वाले वी चंद्रशेखर को वीरता पदक

### सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू कश्मीर के कर्मियों को

सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू और कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में तैनात कर्मियों को दिए गए हैं। यहां ऑपरेशन थिएटर का मतलब वह जगह या इलाका, जहां लंबे समय तक आतंकवाद, घुसपैठ के खिलाफ और कानून-व्यवस्था से जुड़े ऑपरेशन चलते रहते हैं। नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के 35 और पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात 5 कर्मियों को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फायर ब्रिगेड सर्विस के 4 बचावकर्मियों को भी वीरता पदक के लिए चुना गया।

## हरियाणा पुलिस के 12 अधिकारी पुलिस पदक से अलंकृत

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** गणतंत्र दिवस के मौके पर हरियाणा पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेसिडेंट मेडल और एक्सीलेंट सर्विस के लिए पुलिस मेडल मिलेंगे। गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई लिस्ट में डीआईजी राजेश दुग्गल को विशिष्ट सेवा के लिए प्रेसिडेंट मेडल से सम्मानित किया जाएगा। राजेश दुग्गल वर्तमान में फरीदाबाद के जॉइंट कमिश्नर हैं। इनके अलावा, रोहतक के आईजी सिमरदीप सिंह, स्टेट क्राइम ब्रांच के एसपी सुनील कुमार, गुरुग्राम में एसीपी सुखबीर सिंह को एक्सीलेंट सर्विस के लिए पुलिस मेडल मिलेगा।



**डीआईजी राजेश दुग्गल को प्रेजिडेंट मेडल**
रोहतक आईजी व दो आईपीएस को एक्सीलेंट सर्विस मेडल

### 3 इंस्पेक्टरों को भी पुलिस मेडल

पुलिस मेडल पाने वालों में हिसार के इंस्पेक्टर कंवरपाल, मधुबन स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी के इंस्पेक्टर नरेश कुमार, गुरुग्राम एसटीएफ में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, फरीदाबाद के सब इंस्पेक्टर योगेश कुमार, फरीदाबाद के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर प्रदीप चौहान, चौथी इंडियन रिजर्व बटालियन में तैनात इंस्पेक्टर गुगन राम, कैथल की सब इंस्पेक्टर रेखा रानी और सीआईडी में तैनात असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर गौरव शर्मा शामिल हैं।

### अवार्ड से दूसरे कर्मचारियों का हौसला बढ़ेगा : डीजीपी

हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने मेडल जीतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह हरियाणा पुलिस के लिए गर्व की बात है कि उनके अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस उपलब्धि से पदक पाने वाले अधिकारियों के साथ-साथ बाकी पुलिस बल का भी हौसला बढ़ेगा। उन्होंने सभी चयनित अधिकारियों और जवानों को भविष्य में भी इसी तरह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कारों का किया ऐलान

# धर्मेन्द्र, रोहित व अल्का याग्निक समेत 131 हस्तियों को अवार्ड

5 हस्तियों को पद्म विभूषण, 13 को पद्म भूषण व 113 को पद्मश्री | झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेने को पद्म भूषण से नवाजा | 19 महिलाएं और 6 विदेशी भी अवार्ड की सूची में शामिल | 16 हस्तियों को मरणोपरांत पुरस्कार दिए जाएंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री शामिल हैं। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबू सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक को पद्म भूषण दिया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी प्लेयर सविता पूनिया पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 19 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी/एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 16 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं।



धर्मेन्द्र (पद्म विभूषण)



अल्का (पद्म भूषण)



रोहित (पद्म श्री)

### सिरसा की हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया भी सम्मानित

**नई दिल्ली (भाषा)।** सिरसा के जोधकां गांव की हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया को भी पद्मश्री अवार्ड मिला है। वे भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर हैं। वहीं, महान टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें रविवार को 2026 के लिए घोषित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विजय अमृतराज इस वर्ष पद्म भूषण पाने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और 2025 महिला वनडे विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर उन कई खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री के लिए चुना गया।

### 20 लाख किताबों की लाइब्रेरी बनाने वाले अंके गौड़ा को पद्म श्री पुरस्कार

**नई दिल्ली (भाषा)।** विश्व का सबसे बड़ा निःशुल्क पुस्तकालय स्थापित करने वाले एक पूर्व बस परिचालक और एक दुर्लभ वाद्य यंत्र के 90 वर्षीय वादक उन 45 गुमनाम नायकों में शामिल हैं जिन्हें इस वर्ष पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। कभी बस परिचालक रहे अंके गौड़ा ने दुनिया का सबसे बड़ा निःशुल्क पुस्तकालय 'पुस्तक माने' स्थापित किया जहां 20 भाषाओं में 20 लाख से अधिक पुस्तकें और दुर्लभ पांडुलिपियां हैं। कर्नाटक में मैसूरु के नजदीक हरलाहल्ली गांव के निवासी 75 वर्षीय गौड़ा को देश भर के पाठकों को सशक्त बनाने के उनके अनूठे प्रयासों के लिए पद्म श्री से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। मुंबई की बाल रोग विशेषज्ञ आर्मिडा फर्नांडीज को सम्मानित किया जाएगा।



अंके गौड़ा

### पानीपत के खेमराज को मिला पद्म श्री



पानीपत के हैंडलूम को विदेशों तक पहुंचाने वाले 84 वर्षीय खेमराज सुंदरियाल को पद्मश्री से नवाजा गया है। मूल रूप से उत्तराखंड के गढ़वाल के रहने वाले खेमराज ने पानीपत में खड्डी चलाकर जीवन शुरू किया। वे अभी पानीपत में ही रहते हैं। उन्होंने हजारों लोगों को हैंडलूम का प्रशिक्षण दिया और भारतीय हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान दिलाई। उन्हें 'कला' (हथकरघा/बुनाई) के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए वर्ष 2026 में पद्म श्री पुरस्कार दिया गया है। यह सम्मान देश के उन अनसंग हीरोज में से एक हैं, जो अपनी कला के माध्यम से समाज में विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। खेमराज सुंदरीयाल का चयन देश भर के 54 अन्य लोगों के साथ पद्म श्री के लिए किया गया है। यह एक प्रमुख सम्मान है जो भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित किया जाता है।

### शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 26 जनवरी सोमवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 28 जनवरी बुधवार को आपके हाथों में होगा। – संपादक

## एसआईआर में करोड़ों वोटर्स के नाम कटे, इसमें यूपी पहले नंबर पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के अलग-अलग राज्यों में एसआईआर के तहत जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी यह ड्राफ्ट वोटर लिस्ट बताती है कि भारत के तमाम हिस्सों में वोटर डेटा की साफ-सफाई हो गई है। मृतकों, फर्जी और शिफ्टेड वोटर्स को इसमें से हटा दिया गया है। आंकड़े बताते हैं कि कई राज्यों में बड़ी संख्या में शिफ्टेड, मृतक और फर्जी वोटर्स को लिस्ट से बाहर किया गया है, लेकिन इसका सबसे ज्यादा प्रभाव यूपी में देखने को मिला है। उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर है। यहां ड्राफ्ट सूची में से 2.89 करोड़ वोटर्स को हटाया गया है। यूपी में पहले 15.44 करोड़ वोटर थे, लेकिन अब घटकर 12.55 करोड़ हो गई है। मतलब हर 100 में से लगभग 19 वोटर को लिस्ट से हटा दिया गया है। इनमें 46.23 लाख मृतक, 25.47 लाख फर्जी या डुप्लीकेट और 2.17 करोड़ वोटर्स को शिफ्ट या लापता पाया गया।

*चुनाव आयोग ने ड्राफ्ट लिस्ट जारी की*







### अविमुक्तेश्वरानंद विवाद खत्म करें, चरणों में शीश झुकाता हूं : केशव

**प्रयागराज।** प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच 7 दिनों से विवाद जारी है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने शंकराचार्य से विवाद खत्म करने की अपील की है। केशव मौर्य रविवार शाम प्रयागराज पहुंचे। हालांकि सर्किट हाउस से 8 किमी दूर धरने पर बैठे शंकराचार्य से मिलने नहीं गए। डिप्टी सीएम ने कहा- मुख्यमंत्रीजी ने मामले का संज्ञान लिया है। मुझे जब बात करने के लिए कहा जाएगा, जरूर करूंगा। मैं प्रार्थना तो कर ही सकता हूं। उनके चरणों में शीश झुका सकता हूं। निवेदन कर सकता हूं। निवेदन किया है। आगे भी यही निवेदन करता हूं। जो भी विरोध है, उसको समाप्त करके, संगम में स्नान करके और जो एक संदेश अनुकूल जाना चाहिए, वह देने की कृपा करें।

**डिप्टी सीएम प्रयागराज पहुंचे, लेकिन शंकराचार्य से नहीं मिले**

### जम्मू कश्मीर के सांबा में सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में रविवार देर रात अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक रामगढ़ सेक्टर के माजरा इलाके में स्थित सीमा चौकी के रास्ते भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था, तभी सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उसे रोकने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि घुसपैठिए ने चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश की, तभी उसपर गोली चलायी गयी, जिससे उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### महिला से बालियां छीनकर लिया गोल्ड लोन, दो गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने सिरसा जिले के गांव रोड़ी निवासी एक महिला से सोने की बालियां झपटने के दो आरोपियों को पंजाब क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फाइनेंस कंपनी में बाली गिरवी रखकर लोन लेने की बात कबूल की है। रोड़ी थाना प्रभारी शमशेर सिंह ने रविवार को बताया कि गांव रोड़ी निवासी मेवा सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी माता बुजुर्ग है और गली में घूमने के लिए घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उसकी माता के कानों से बालियां झपट ली और फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस ने घटना में संलिप्त दोनों आरोपी पंजाब के मानसा निवासी बिंदर खान व बिंदर सिंह को वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। दो दिन के रिमांड में आरोपियों ने बताया कि सोने की बालियां मानसा की एक फाइनेंस कंपनी में गिरवी रख कर लोन करवा लिया।

### रानी तालाब में डूबने से दुकानदार की मौत

**जींद।** रानी तालाब में डूबने से एक दुकानदार की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतक की पहचान शहर के सैनी मोहल्ला निवासी रमेश बजाज के रूप में हुई। शहर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव स्वजनों को सौंप दिया है। पुलिस को दिए बयान में हेमंत ने बताया कि उसके पिता 52 वर्षीय रमेश बजाज शनिवार शाम को घर से टहलने की बात कह कर गए थे। उसके बाद से उनका कहीं कुछ पता नहीं चला और न ही वह घर वापस पहुंचे। हेमंत ने बताया उसके पिता शिव चौक के पास चुन्नी की दुकान चलाते थे। यह हादसा कैसे हुआ इस बारे में पुलिस अभी जांच कर रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# बुनाई कला में नए प्रयोगों और हजारों कारीगरों को प्रशिक्षित करने के लिए पानीपत के खेमराज को मिलेगा पद्मश्री अवॉर्ड

**टेपेस्ट्री, जामदानी और मैक्रैम में बुनाई की अपनी गठित शैली विकसित की**

विकास चौधरी ▶▶ पानीपत

पानीपत के खेमराज सुंदरियाल को पद्मश्री अवॉर्ड के लिए चुना गया है। खेमराज ने बाजार की डिमांड के अनुसार टेपेस्ट्री बुनाई, जामदानी और मैक्रैम में बुनाई की अपनी गठित शैली विकसित की। खेमराज ने वाराणसी में साड़ी बुनकरों को टेपेस्ट्री बुनाई कला से परिचित कराया। इससे बुनकरों को सुंदर कलाकृति बनाने में मदद मिली, जो साड़ियों की तुलना में बनाने में आसान और अधिक लाभदायक थी। खेमराज मूल रूप से उत्तराखंड राज्य के गढवाल जिला के गांव खोमाडी गांव के मूल निवासी हैं। खेमराज ने 1964 में उत्तराखंड के श्रीनगर से बुनाई और रंगाई विषय में डिप्लोमा प्राप्त किया और अपने कॅरियर की शुरुआत दिल्ली क्लॉथ मिल से की थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के वीवर्स सर्विस सेंटर की शुरुआत की। पानीपत को हैंडलूम की दुनिया में उभरता देख खेमराज पानीपत में बस गए और उन्होंने सूत से बनने वाले पानीपत खेस को पुनर्जीवित किया। उन्होंने सूती और आर्ट सिल्क यार्न का उपयोग करके साधारण खेस, बेड शीट और पर्दे का कपड़ा बनाना शुरू किया। खेमराज ने पारंपरिक पंजा दुरी लूम में सुधार कर पंजे को हत्थे में बदल दिया। इससे लूम पर बुनाई आसान हो गई और उत्पाद की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ।



पानीपत। नई शैली में तैयार उत्पाद दिखाते हुए खेमराज सुंदरियाल।

### इन पुरस्कारों से सम्मानित हुए खेमराज

खेमराज ने हैंडलूम उद्योग में जूट का भी प्रयोग शुरू किया। उन्होंने प्राकृतिक धागे व रंगों का उपयोग करके पारंपरिक स्वदेशी कपड़ों के उद्योग को पुनर्जीवित किया। खेमराज ने टेपेस्ट्री में पेंटिंग्स का अनुकूलन कर एसजी निक्कम, टीजे रफाई, डॉ. केएस कुलकर्णी, पी. लाल, एमएफ हुसैन, अमरनाथ सहगल, सतीश गुप्ता, सतीश गुजराल, एके जायसवाल, जीडी भगेला और नवीन धगत जैसे नामी कलाकारों की पेंटिंग्स को टेपेस्ट्री में अनुकूलित किया। खेमराज को 2009 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने संत कबीर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, खेमचंद को भारत सरकार ने 2001 में ऊनी जामदानी स्कार्फ के लिए राष्ट्रीय योग्यता प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। 2000 में दिल्ली सरकार ने मैक्रैम कार्य के लिए हस्तशिल्प में राज्य पुरस्कार, 2011 में भुट्टिको हथकरघा सहकारी समिति, कुल्लू, हिमाचल प्रदेश द्वारा हथकरघा उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए ठाकुर वेद राम राष्ट्रीय पुरस्कार, ऊर्ध्वाधर पंजा दुरी लूम में सुधार के लिए शील्ड व प्रमाण पत्र और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ स्थित उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र से कलानिधि पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इधर, 2012 में खेमचंद को समर्पित शिक्षक के लिए दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट, नई दिल्ली से बीसी संयाल पुरस्कार दिया गया। 2013 में हथकरघा के लिए कला और संस्कृति पुरस्कार, हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित किया।

### कोच बलदेव सिंह को मिलेगा पदमश्री



कुरुक्षेत्र। भारतीय हॉकी को कई इंटरनेशनल खिलाड़ी देने वाले हॉकी कोच बलदेव सिंह को पद्मश्री अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। कोच बलदेव सिंह ने शाहाबाद में साल 1994 से 2018 तक एकेडमी चलाई। शाहाबाद से 2 ओलंपियन सहित 55 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार किए। उनके खिलाड़ियों ने 13 भीम और 3 अर्जुन पुरस्कार अपने नाम किए। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान संदीप सिंह और पद्मश्री रानी रामपाल ने भी बलदेव सिंह से कोचिंग ली है।

## हिसार एयरपोर्ट से श्री हजूर साहिब के लिए ट्रायल फ्लाइट को दिखाई हरी झंडी

# 61 सिख श्रद्धालुओं को लेकर नांदेड़ साहिब गई पहली फ्लाइट

**मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वर्चुअली लिया समारोह में भाग**
**कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सभी श्रद्धालुओं को सरोपा भेंट कर दीं शुभकामनाएं**

■ फ्लाइट को सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सिख श्रद्धालुओं में उस वक्त खुशी की लहर दौड़ गई जब महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से महाराष्ट्र के नांदेड़ साहिब के लिए स्पेशल फ्लाइट रवाना हुई। प्रशासन ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में हिसार से नांदेड़ स्थित तख्त श्री हजूर साहिब के लिए पहली बार विशेष हवाई सेवा शुरू की है। रविवार को 4.45 बजे यह फ्लाइट रवाना हुई। हिसार से शुरू हुई इस पहली फ्लाइट में कुरुक्षेत्र के 61 श्रद्धालु शामिल हुए। एयरपोर्ट पहुंचने पर सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

इससे पूर्व हवाई अड्डा परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल माध्यम से श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने गुरु साहिब जी को शीश नवाते हुए कहा कि देश व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देने वालों का जब भी जिक्र होता है तो श्री गुरु तेग बहादुर जी का नाम सबसे ऊपर लिया जाता है।

इस अवसर पर लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार हवाई अड्डे पर पहुंचे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगदीश सिंह झींडा, कमेटी सदस्यों व सभी सिख संगत को सरोपा भेंट कर शुभकामनाएं दीं। नागरिक उड्डयन विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी कुमार ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी मुख्य अतिथियों व सिख संगत का स्वागत किया और नागरिक उड्डयन विभाग व हरियाणा हवाई अड्डा विकास निगम की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगदीश सिंह झींडा ने विशेष हवाई सेवा के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। हवाई जहाज में सवार होने से पहले सभी सिख श्रद्धालुओं ने पवित्र अरदास की और उसके बाद नांदेड़ साहिब के लिए रवाना हुए। नागरिक उड्डयन विभाग के सलाहकार नरहरि बांगड़ ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद किया। संगत ने मांग की कि इस फ्लाइट को सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाया जाए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विधायक रणधीर पनिहार, मेयर प्रवीण पोपली, उपायुक्त महेंद्र पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आशा खेदड़, चेयरमैन रविंद्र रॉकी, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, सिविल एविएशन से एएस गिल, रामचंद्र गुप्ता, सुरेश गोयल धुपवाला दि उपस्थित थे।



**हिसार।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगदीश सिंह झींडा, कमेटी सदस्यों व सभी सिख संगत को पवित्र अरदास उपरांत तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए रवाना करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

### देश-विदेश में है नांदेड़ साहिब की मान्यता

तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ सबसे पवित्र और ऐतिहासिक गुरुद्वारों में से एक है और सिख धर्म के 5 प्रमुख तख्तों में शुमार है। यह वह पवित्र स्थान है जहां 10वें सिख गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने 1708 ईस्वी में अंतिम सांस ली थी। इसलिए सिख धर्म में इस स्थल का विशेष महत्व है। इसे दक्षिण भारत का प्रमुख सिख तीर्थस्थल माना जाता है और इसके गहन आध्यात्मिक महत्व के कारण इसे "दक्षिण की काशी" भी कहा जाता है। श्री गुरु गोविंद सिंह जी की स्मृति में यहां एक भव्य और कलात्मक रूप से निर्मित गुरुद्वारा बनाया गया है।

# हॉकी की 'ग्रेट वॉल', सिरसा की बेटी सविता को मिलेगा पद्मश्री

**सिरसा।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मजबूत दीवार यानी हॉकी की 'ग्रेट वॉल' के नाम से जानी जाने वाली सिरसा की गोलकीपर सविता पूनिया को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। रविवार शाम जारी हुई पद्मश्री पुरस्कारों की सूची में जैसे ही सविता पूनिया का नाम शामिल हुआ, वैसे ही उनके पैतृक गांव जोधकां सहित पूरे सिरसा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। जोधकां गांव की साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरराष्ट्रीय हाकी में अपनी अलग पहचान बनाने वाली सविता पूनिया की इस उपलब्धि पर ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों में खासा उत्साह है।

### संघर्ष की मिसाल

11 जून 1990 को जोधकां गांव में जन्मी सविता को उनके दादा रणजीत सिंह ने हाकी खेलने के लिए प्रेरित किया। शुरुआती प्रशिक्षण उन्होंने सिरसा की अग्रसेन नर्सरी और बाद में भारतीय हाकी प्राधिकरण के हिसार सेंटर में लिया। 2007 में उनका चयन भारतीय सीनियर नेशनल हाकी कैंप के लिए हुआ और 2011 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की। इसके बाद सविता ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।



### 18 साल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया

गोलकीपर सविता ने 18 साल की उम्र में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना डेब्यू किया, जब उन्हें दक्षिण अफ्रीका के डरबन में स्पार कप फोर नेशंस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया गया। 2013 में महिला एशिया कप के आठवें संस्करण में भारत को कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई थी और वह 2016 में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थीं। सविता 2016 के रियो ओलंपिक में उस भारतीय टीम में शामिल थीं, जो 36 वर्षों में पहली बार ओलंपिक का हिस्सा बनी। 2017 में एफआईएच महिला विश्व लीग राउंड 2 में उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन के बलबूते पर 'गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब हासिल किया। 2018 में उन्हे अर्जुन पुरस्कार मिला था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# प्रेमिका के एक साल के बच्चे की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका

■ प्रेम संबंधों में बच्चे को बाधा मानता था प्रेमी, क्रैच से ले जाकर गला घोंटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

अपनी प्रेमिका के एक साल के बच्चे की गला दबाकर हत्या का मामला सामने आया है। 3 दिन पहले ही बच्चे का फर्स्ट बर्थडे था। आरोपी ने महिला को झांसे में लेकर बच्चे को क्रैच में दाखिल करवाया। इसके बाद खुद को बच्चे का बाप बताकर उसे वहां से ले गया। आरोपी ने ऑटो में बैठकर बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को एक बोरी में भरकर झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बच्चे के शव को भी बरामद कर लिया है। मोहाली के डेराबस्सी की महिला का पिंजौर के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला जब भी अपने बॉयफ्रेंड से मिलने पिंजौर जाती थी तो अपने बेटे रेयांश को साथ ही ले जाती थी। आरोपी को बच्चे का साथ होना पसंद नहीं था। इसलिए महिला को फंसाकर 24 जनवरी को बच्चे को सेक्टर-12A के एक क्रैच में भर्ती कराया, लेकिन इसके कुछ ही देर बाद करीब 11 बजे आरोपी युवक क्रैच में पहुंच गया। आरोपी ने क्रैच संचालिका को झांसा दिया कि वह बच्चे का पिता है। इसके बाद संचालिका ने बच्चे की मां से कॉल करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद उसने आरोपी को बच्चा सौंप दिया। आरोपी ने सुखोमाजरी बाईपास के पास बच्चे की हत्या कर कर शव झाड़ियों में फेंक दिया।

### डॉ. राजेश ख्यालिया के पैनल को मिली जीत

# एचसीएमएस के डॉ. अनिल यादव बने प्रदेशाध्यक्ष

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएस) का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो गया और डॉ. अनिल यादव नए अध्यक्ष चुने गए। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रह चुके डाक्टर राजेश ख्यालिया के पैनल के सभी पदाधिकारी जीत गए हैं। अहम बात यह है कि पहले जिलों में प्रतिनिधि चुने गए थे। पानीपत समालखा में रविवार को इन प्रतिनिधियों को बैलेट के माध्यम से वोटिंग करनी थी। यह वोटिंग सुबह दस बजे से पांच बजे तक की गई। प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी के साथ साथ में बाकी पांच पदों के लिए चुनाव हुआ है। प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी को लेकर खासा संघर्ष चल रहा था और पहले जिलों में कॉलेजियम प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ, इसके बाद 136 प्रतिनिधि अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग करने पानीपत समालखा आए थे। अब से पहले तीन-तीन साल के लिए दो बार प्रदेशाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल चुके डाक्टर राजेश खयालिया के पैनल के सभी सदस्य भारी मतों से विजयी हुए हैं। उनके साथ में महासचिव पद की जिम्मेदारी निभा रहे अनिल यादव को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में उतारा था। एसोसिएशन के तीन पैनल हैं। छह पोस्ट के लिए तीन-तीन उम्मीदवार भाग्य आजमाने के लिए मैदान में हैं। वैसे राज्यभर में लगभग 29 सौ चिकित्सक इसके सदस्य हैं।

### यह बनी कमेटी

वोटों की गिनती के बाद चुनाव अधिकारी डॉक्टर संदीप ने परिणामों का एलान कर दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के लिए अनिल यादव रेवाड़ी एएसएमओ, जबकि महासचिव के लिए बिजेंद्र ढांडा जींद विजयी हुए हैं। इसके अलावा वरिष्ठ उपप्रधान पद के लिए नितिन फालसीवाल सोनीपत, उपप्रधान रिंकू सांगवान पानीपत विजयी रहे हैं। इसके अलावा डॉक्टर विपुल गुप्ता सिरसा कोषाध्यक्ष, डाक्टर पीयूष सचदेवा एमओ झज्जर संयुक्त सचिव पद पर विजयी हुए हैं।

# 'बस नहीं रुकेगी, चाहे वीडियो बना लो' बोलने वाला कंडक्टर निलंबित

■ छात्राओं से अभद्रता और बस न रोकने पर कार्रवाई

**करनाल।** करनाल से घरौंडा के लिए रोडवेज बस में सफर कर रही छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार और बस न रोकने के मामले में कड़ी कार्रवाई की गई है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पंचकूला रोडवेज डिपो ने विभागीय जांच शुरू कर दी है और कंडक्टर को निलंबित कर दिया गया है। बस के चालक को भी हटाने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह मामला करनाल जिले के घरौंडा की छात्राओं के साथ हुआ। छात्राएं करनाल आईटीआई से घरौंडा आने के लिए रोडवेज बस में सवार हुई थीं। छात्राओं का आरोप है कि कंडक्टर ने उन्हें बस में खड़े होने से मना किया और उनके साथ बदतमीजी की। इसी दौरान एक छात्रा ने वीडियो बनाना शुरू किया तो कंडक्टर ने कथित रूप से कहा कि "बस नहीं रुकेगी, वीडियो बना लो।" छात्राओं के अनुसार घरौंडा बस स्टैंड होने के बावजूद कंडक्टर ने बस नहीं रुकवाई। जब छात्राओं ने पूछा कि घरौंडा में नए और पुराने दोनों बस स्टैंड पर सभी बसें रुकती हैं तो कंडक्टर ने जवाब दिया कि बस नहीं रोकेंगे, जो करना है कर लो। आरोप है कि चालक बस को आगे पानीपत की ओर ले गया।

## राशिफल

**मेष:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष:** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क:** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर:** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

# 20 वर्षीय प्रेमी से विवाह करने पर 22 साल की प्रेमिका, पंडित व गवाहों पर केस दर्ज

■ पुलिस से सुरक्षा मांगने गए थे


**करनाल।** करनाल में एक प्रेमी जोड़े ने मंदिर में जाकर विवाह कर लिया। विवाह के बाद दूल्हा-दुल्हन मंदिर द्वारा जारी विवाह प्रमाण पत्र लेकर अपनी सुरक्षा की मांग करते हुए पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने जब उनके दस्तावेजों की जांच की तो मामला उलझ गया और जांच में सामने आया कि विवाह करने वाले दूल्हे की उम्र 21 वर्ष नहीं है। पुलिस ने संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी को इसकी सूचना दी और आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सविता राणा ने बताया कि बाल विवाह रोकथाम कानून के तहत विवाह के लिए लड़के की उम्र इक्कीस वर्ष और लड़की की उम्र अठारह वर्ष होनी चाहिए। इस मामले में दूल्हा 20 का पाया गया है, इसलिए 22 वर्षीय प्रेमिका, विवाह कराने वाले पंडित और गवाहों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार यह विवाह कानूनी रूप से मान्य नहीं है। रिपोर्ट के आधार पर थाना सेक्टर 32-33 में प्रेमिका, पंडित कमलकांत तथा गवाह प्रवीन और मनीष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# गुरुग्राम की डॉ. योगिता राघव विद्यार्थी परिषद की प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) हरियाणा के संपन्न हुए प्रांत अधिवेशन में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई। गुरुग्राम की डॉ. योगिता राघव को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. योगिता राघव पिछले तीन वर्षों से एबीवीपी गुरुग्राम महानगर की अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इससे पूर्व वे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के दायित्व का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं। उनके नेतृत्व में गुरुग्राम महानगर में एबीवीपी द्वारा अनेक प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन साहसी अभियान के अंतर्गत लगभग 2500 छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं खेलो भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## शब्द पहेली - 6120



**बाएँ से दाए**


1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 6119 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | बी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | ग्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |






रोहतक
सोमवार 26 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 358
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 19.2
न्यून. 1.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com






## खबर संक्षेप

### राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना से सनसनी



**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने रामनगरी की सुरक्षा बढ़ा दी है। कॉलर को हिरासत में ले लिया गया है। युवक गोंडा का रहने वाला बताया जा रहा है। आरोपी युवक दिमागी रूप से असंतुलित है। शनिवार रात 10:30 बजे 112 पर फोन करके पुलिस को राम मंदिर में ब्लॉस्ट होने की सूचना दी गई। *एजेंसी*

### मशहूर पत्रकार और लेखक मार्क टली का निधन



**नई दिल्ली।** जाने माने लेखक और वरिष्ठ पत्रकार मार्क टली का रविवार को नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। अपनी पत्रकारिता के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले मार्क टली कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और पिछले एक सप्ताह से साउथ दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती थे। *एजेंसी*

### तेजस्वी राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को राजद का राष्ट्रीय कार्यकारी (कार्यवाहक) अध्यक्ष बनाया गया है। पटना के होटल मौर्य में राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भोला यादव ने प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी नेताओं ने सहमति जताई। बैठक में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, मीसा भारती, संजय यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। *एजेंसी*

---

इंटरनेशनल क्रिकेट में पड़ोसी को पूरी तरह अलग-थलग करने की तैयारी

# आईसीसी ने पाकिस्तान को हड़काया वर्ल्डकप छोड़ा तो सख्त कार्रवाई होगी

*बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर भारत में वर्ल्ड कप खेलने से मना कर दिया था। जिसके बाद आईसीसी ने शनिवार को बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आईसीसी बोर्ड पाकिस्तान को इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरी तरह अलग-थलग करने की तैयारी में है। उसे भविष्य की सभी द्विपक्षीय सीरीज और एशिया कप से बाहर कर सकता है। आईसीसी बोर्ड के सदस्यों के बीच ऐसी पॉलिसी लाने पर विचार हो रहा है, जिससे विदेशी खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में हिस्सा न ले सकें। इसके लिए संबंधित देशों के क्रिकेट बोर्ड अपने खिलाड़ियों को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) देना बंद कर सकते हैं। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी ने बांग्लादेश का समर्थन करते हुए टूर्नामेंट से हटने के संकेत दिए।

*पाक ने टी-20 वर्ल्डकप छोड़ा तो सुपर लीग की एनओसी छिनेगी*

*बांग्लादेश के समर्थन में टूर्नामेंट से हटने के दिए थे संकेत*



### खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर उठाए थे सवाल

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की मांग थी कि उनके प्लेयर्स को भारत में खतरा है, इसलिए उनकी टीम के मैच श्रीलंका में कराए जाए। आईसीसी ने सुरक्षा में कोई कमी नहीं बताई और बांग्लादेश को भारत में ही खेलने की हिदायत दी। बांग्लादेश फिर भी खेलने के लिए नहीं माना, इसलिए आईसीसी ने उसे यूरोपियन टीम से रिप्लेस कर दिया।

**मुस्तफिजुर रहमान को हटाने पर शुरू हुआ विवाद:** 16 दिसंबर के आईपीएल बोली में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा। कुछ दिनों बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ गई और 7 हिंदू युवकों की हत्या भी कर दी गई। 4 जनवरी को केकेआर ने मुस्तफिजुर को अपनी टीम से रिलीज कर दिया।

### बांग्लादेश की मांग 14 देशों ने खारिज की

बांग्लादेश ने भारत में सुरक्षा का हवाला देते हुए अपने मैच श्रीलंका में कराने और ग्रुप बदलने की मांग की थी। गुरुवार को हुई आईसीसी बोर्ड की मीटिंग में 16 में से 14 देशों ने बांग्लादेश की इस मांग को खारिज कर दिया था। आईसीसी ने बांग्लादेश को फैसला बदलने के लिए एक दिन का समय दिया था, लेकिन उनके न मानने पर उन्हें यूरोपियन टीम (स्कॉटलैंड) से रिप्लेस कर दिया गया।

### मोहसिन नकवी बोले- हम सरकार के फैसले का इंतजार कर रहे

मोहसिन नकवी ने कहा था, आईसीसी ने बांग्लादेश के साथ गलत व्यवहार किया। हम अब सरकार के फैसले का इंतजार कर रहे हैं, अगर उन्होंने मना कर दिया तो हम भी टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। मोहसिन नकवी ने द डॉन वेबसाइट को बताया कि आईसीसी की मीटिंग में भी मैंने इस मुद्दे को उठाया। आप किसी के साथ दोहरा व्यवहार नहीं अपना सकते। यहां एक देश को उसकी मर्जी का वेन्यू मिल जाता है, लेकिन दूसरे देश को हटाया जाता है। पाकिस्तान बोर्ड बांग्लादेश के साथ खड़ा है। हमारा कहना साफ है कि जब आप पाकिस्तान और भारत को न्यूट्रल वेन्यू दे सकते हो तो बांग्लादेश को क्यों नहीं।

---

77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का देश के नाम संबोधन

# भारत जल्द दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा : मुर्मू



*बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर रिकॉर्ड बनाया देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

77वां गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधन किया। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ये उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस साल गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने का उत्सव भी मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस का यह पवित्र दिन हमें देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर सोचने और समझने का मौका देता है। समय के साथ हमारे देश की हालत बदली है। भारत आजाद हुआ और हम खुद अपने देश के भविष्य को तय करने वाले बने।

**56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट खुले :** उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेल-कूद में हमारी बेटियों ने रिकॉर्ड बनाए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति कानून से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी।

### शांति रहेगी तो मानवता का भविष्य होगा सुरक्षित

हमारी परंपरा में हमेशा पूरी सृष्टि में शांति बनाए रखने की प्रार्थना की जाती रही है। अगर दुनिया में शांति रहेगी तभी मानवता का भविष्य सुरक्षित होगा। आज जब दुनिया के कई हिस्सों में अशांति फैली हुई है, ऐसे समय में भारत शांति और भाईचारे का संदेश पूरे विश्व तक पहुंचा रहा है। हमें गर्व है कि हम भारत भूमि पर जन्मे हैं। हमारे देश के लिए कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा था- 'हे मेरे देश की मिट्टी, मैं तुम्हारे चरणों में अपना सिर झुकाता हूं।'

### इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभा रहे

हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आतंरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारी देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों की दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं।

### वंचित वर्ग की योजनाओं को बढ़ाया जा रहा

वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

### ऑपरेशन सिंदूर से आतंक पर प्रहार किया

पिछले साल हमारे देश ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद के ठिकानों पर सटीक प्रहार किया। आतंक के अनेक ठिकानों को धवस्त किया गया। बहुत से आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया गया। थल-सेना, वायुसेना और नौसेना की शक्ति के आधार पर हमारी सुरक्षा-क्षमता पर देशवासियों को पूरा भरोसा है।

---

# बांग्लादेश में एक और हिंदू को जिंदा जलाया

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या का मामला सामने आया है। 23 साल के चंचल चंद्र भौमिक का जला हुआ शव गैराज के अंदर मिला। परिवार ने इसे सोची-समझी हत्या बताया है। चंचल जिस गैराज में काम करता था, उसी के अंदर उसका शव मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त चंचल गैराज के अंदर सो रहा था। रात के समय किसी ने बाहर से शटर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी।

**अब तक 10 की हत्या**

1. गैराज में सो रहा था, बाहर से आग लगा दी, पिछले 40 दिनों में 10 हत्याएं हो चुकी
2. परिवार ने इसे सोची-समझी हत्या बताया, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

---

कैथल में हादसा, 20 से ज्यादा घायल

# प्रभातफेरी निकाल रहे श्रद्धालुओं को कार ने मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड/कैथल

कस्बा ढांड में रविवार प्रातः 7 बजे संत शिरोमणि गुरू रविदास जयंती को लेकर निकाली जा रही प्रभात फेरी के श्रद्धालुओं को एक कार ने रौंद दिया। हादसे में एक युवती तथा एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबिक करीब 20 श्रद्धालु घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए कुरूक्षेत्र के नागरिक अस्पताल व निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। दो श्रद्धालुओं की हालत





गंभीर बताई जा रही है। इस दर्दनाक दुर्घटना में दो महिलाओं ने कुरुक्षेत्र अस्पताल जाकर दम तोड दिया। मृतकों की पहचान प्रियंका पुत्री रविंद्र (उम्र 26 वर्ष) तथा दर्शना देवी पत्नी ईशम सिंह (उम्र 61 वर्ष) के रूप में हुई है।

### पूंडरी रोड पार कर रहे थे तभी कार ने कुचल दिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। इसी दौरान प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु रोजाना की तरह सुबह पूंडरी रोड पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने श्रद्धालुओं को जोरदार टक्कर मार दी। ऐसा बताया जा रहा है कि चालक नशे में धुत था तथा उसकी गाडी में भी नशा बिखरा पाया गया। हादसा इतना भीषण था कि महिलाओं और पुरुषों समेत 15 से 20 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

# कड़ाके की ठंड जारी, शीतलहर से गिरा दिन का तापमान, कई जिलों में जमा पाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बीती रात को राज्य के औसत न्यूनतम तापमान में 0.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। एक दिन पहले तापमान 8 डिग्री तक गिर गया था। पूरा प्रदेश वर्तमान में शीतलहर की चपेट में है। आईएमडी के अनुसार, बीती रात को सबसे कम तापमान महेंद्रगढ़ 1.9 डिग्री दर्ज किया गया। यह प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं नारनौल में पारा 2.6 डिग्री रहा। इस दौरान तीन जिलों के तापमान में कल के मुकाबले भारी गिरावट देखने को



मिली है। गुरुग्राम में 4.6 डिग्री, मेवात में 4.7 डिग्री और फरीदाबाद में 4.2 डिग्री की बड़ी गिरावट तापमान में देखी गई। मौसम बना हुआ है। 24 घंटों में राज्य के किसी भी हिस्से में बारिश दर्ज नहीं की गई है। दूसरी तरफ हरियाणा में आज सुबह से ही अधिकतर जिलों में धूप खिली है। इसके चलते कोहरे से लोगों को राहत मिली है।

### पाला पड़ने का अलर्ट जारी

मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में पाला जम सकता है। इनमें सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और चरखीदादरी शामिल हैं। इसके अलावा 6 जिलों में गहरा कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है।

### शीतलहर से अभी नहीं मिलेगी राहत

वहीं, शीतलहर के कारण हरियाणा में दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि धूप खिलने से राहत मिली, मगर ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाए रखी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में दिन के तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी की संभावना नहीं है।

---

सीएम स्टालिन का बड़ा बयान

# तमिलनाडु में हिंदी के लिए न जगह थी, न है और न होगी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक (डीएमके) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने रविवार को 'भाषा शहीद दिवस' के अवसर पर केंद्र सरकार को कड़ा संदेश देते हुए दोहराया कि राज्य में हिंदी थोपे जाने के लिए कोई जगह नहीं है। स्टालिन ने 1960 के दशक के हिंदी-विरोधी आंदोलन के बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि तमिलनाडु अपनी भाषाई पहचान की रक्षा के लिए हमेशा अडिग रहेगा। सीएम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, भाषा शहीद दिवस के अवसर पर मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि तमिलनाडु में हिंदी के लिए न तब कोई जगह थी, न अब है और न कभी होगी। वीडियो में द्रमुक के दिग्गज नेताओं सी. एन. अन्नादुरई और एम. करुणानिधि के योगदान को भी रेखांकित किया गया। स्टालिन ने चेन्नई में भाषा शहीद थलामुथु और नटरासन के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने चेन्नई महानगर विकास प्राधिकरण भवन पर इन दोनों शहीदों की प्रतिमाओं का अनावरण किया।

---

'मन की बात' में पीएम मोदी ने देश को किया संबोधित

# स्टार्ट अप इंडिया से भजन क्लबिंग तक बात की, युवाओं से आगे आने का किया आह्वान

*आज की युवा पीढ़ी ने भक्ति को एक नई शैली दी है और इसके चलते एक नया चलन सामने आया है, जिसे 'भजन क्लबिंग' कहा जा रहा है। यह जेन जी के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।*

*राष्ट्रीय मतदाता दिवस देश के लिए अहम*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 130वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भजन और कीर्तन हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। हम सभी ने बचपन में मंदिरों में भजन सुने हैं, कथाएं सुनी हैं और हर पीढ़ी ने भक्ति को अपने अंदाज में अपनाया है। अब नई पीढ़ी ने इसे और भी खास अंदाज में अपने जीवन और अनुभवों के साथ जोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ने भक्ति को एक नई शैली दी है और इसके चलते एक नया चलन सामने आया है जिसे 'भजन क्लबिंग' कहा जा रहा है।


### मतदाताओं को बताया लोकतंत्र की आत्मा




पीएम मोदी ने कहा कि आज 25 जनवरी का दिन भी अहम है। आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है। मैं भी आज आपसे अपनी एक याद को साझा करना चाहता हूं। आज से 10 साल पहले हमने एक शुरुआत की। मैं जिस जर्नी की बात कर रहा हूं, वह स्टार्ट अप इंडिया की जर्नी है।मैं युवाओं से आग्रह करना चाहता हूं कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। हम सभी पर एक बड़ी जिम्मेदारी है, वह है गुणवत्ता पर जोर देने की।'स 'यूपी के आजमगढ़ में दिखाई दिया, जहां स्थानीय लोगों ने तमसा नदी को नया जीवन दिया है।

### युवा उच्च गुणवत्ता पर ध्यान दें

पीएम मोदी ने खासकर इंडस्ट्री और स्टार्टअप से जुड़े युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत पर दुनिया की नजरें हैं। ऐसे समय में हम सब पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है।हम पूरी ताकत से गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि हम सबका एक ही मंत्र हो, 'गुणवत्ता, गुणवत्ता और सिर्फ गुणवत्ता।' हम जो भी उत्पादन कर रहे हैं, उसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाने का संकल्प लें। हमारे टेक्सटाइल, टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स, यहां तक कि पैकेजिंग भी, भारतीय उत्पाद का मतलब 'उच्च गुणवत्ता' होना चाहिए।

# मानव सेवा में जीवन समर्पित करने वाले गुमनाम नायकों को मिला देश का 'पद्म'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभर से 45 लोगों को गुमनाम नायकों की श्रेणी में पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनमें दुनिया का सबसे बड़ा निःशुल्क पुस्तकालय बनाने वाले एक पूर्व बस कंडक्टर से लेकर एशिया का पहला मानव दूध बैंक बैंक शुरू करने वाली एक बाल रोग विशेषज्ञ और 90 वर्षीय दुर्लभ वाद्य यंत्र कलाकार शामिल हैं। इनमें हाशिए पर पड़े पिछड़े और दलित समुदायों, आदिवासी जनजातियों और दूरदराज और मुश्किल इलाकों से आने वाले लोग शामिल हैं। इन्होंने दिव्यांगों, महिलाओं, बच्चों, दलितों और आदिवासियों की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है।

डॉ. व्यास ⟫ भोपाल

### प्रागैतिहासिक औजारों और शैलचित्रों की दुनिया खोजी



प्रमुख पुरातत्वविद् डॉ. नारायण व्यास को पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों भीमबेटका, सांची स्तूपों और रानी की वाव के संरक्षण में उनके असाधारण योगदान को मान्यता दी गई है। डॉ. व्यास ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में सीनियर आर्कियोलॉजिस्ट के रूप में 2009 तक सेवा की और रॉक आर्ट, प्रागैतिहासिक साइट्स के अध्ययन में विशेषज्ञता हासिल की।

अर्मिडा फर्नांडिस ⟫ मुंबई

### बाल रोग विशेषज्ञ ने एशिया का पहला मानव दूध बैंक बनाया



उनके साथ मुंबई की बाल रोग विशेषज्ञ अर्मिडा फर्नांडिस को भी पद्मश्री मिलेगा, जिन्होंने एशिया का पहला मानव दूध बैंक स्थापित किया और शिशुओं के जीवन को बचाने की दिशा में अहम योगदान दिया। महाराष्ट्र के जनजातीय तरपा वादक भिकलिया लाडकिया धिंडा (90 वर्षीय) और जम्मू-कश्मीर के समाजसेवी बृज लाल भट्ट को भी इस सूची में शामिल किया गया है।

केके पाजनिवेल ⟫ पुडुचेरी

### प्राचीन तमिल हथियार आधारित युद्ध कला को दिया बढ़ावा



पुडुचेरी केके पाजनिवेल को प्राचीन तमिल हथियार आधारित युद्ध कला 'सिलंबम' को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए पद्मश्री के लिए चुना गया है। वहीं, पिछले 60 वर्षों से देशभर में हिंदी के प्रचार-प्रसार में जुटे वरिष्ठ पत्रकार कैलाश चंद्र पंत को साहित्य और शिक्षा श्रेणी में पद्मश्री दिया जाएगा।

### कैलाशचंद्र पंत भोपाल



शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में कैलाश चंद्र पंत (90) को इस सम्मान के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि पद्मश्री मिलने पर उन्हें गर्व है। उनके परिवार में खुशियों का माहौल है। उनका पूरा जीवन शिक्षा और साहित्य के लिए समर्पित है। वे हिंदी साहित्यकार, पत्रकार और प्रमुख हिंदी सेवी हैं।

### कासमभाई ने ढोलक को पहचान दिलाई



गुजरात के मीर हाजीभाई कासमभाई को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी काम के लिए इस साल पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। कासमभाई ने ढोलक को एक खास पहचान दिलाई। इन्होंने इस वाद्य यंत्र को गजल, संत वाणी, भजन और कव्वाली में इस्तेमाल किया। लेकिन, लोक संगीत की आत्मा को बरकरार रखा। इन्होंने करीबन 3000 से ज्यादा प्रोग्राम गायों के संरक्षण के लिए किए। इसके अलावा 1000 से ज्यादा स्टेज प्रोग्राम 3 जनरेशन के आर्टिस्ट के साथ किए।

---

### राष्ट्रपति ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया

# मतदान करते समय विवेक का प्रयोग करें, प्रलोभन और पूर्वाग्रह से दूर रहें

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय लोग अपने विवेक के आधार पर और प्रलोभन, पूर्वाग्रह तथा गलत सूचनाओं से दूर रहकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिससे देश की चुनावी प्रणाली मजबूत होगी। उन्होंने चुनाव में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आगे आने वाली महिलाओं की भी सराहना की। दिल्ली में आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि मतदान का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भी अनिवार्य है कि सभी नागरिक अपने संवैधानिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए इसका इस्तेमाल करें। निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस को पिछले 16 वर्षों से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को जब भारतीय संविधान को अपनाया तो इसके 16 अनुच्छेद तुरंत प्रभाव से लागू हो गए। इनमें से एक अनुच्छेद निर्वाचन आयोग के गठन से संबंधित था। भारत के गणतंत्र बनने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को निर्वाचन आयोग अस्तित्व में आया।

**25 जनवरी 1950 को निर्वाचन आयोग अस्तित्व में आया था**




#### संविधान में निहित "एक व्यक्ति, एक वोट" का सिद्धांत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रेखांकित किया कि सबसे बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग मतदाता और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोग भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। मुर्मू ने कहा कि जन-भागीदारी जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की भावना को व्यावहारिक रूप देती है। उन्होंने उल्लेख किया कि निर्वाचन आयोग ने यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई प्रयास किए हैं कि "कोई भी मतदाता पीछे न छूट जाए"। राष्ट्रपति ने कहा कि मतदान केवल एक राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह नागरिकों के लिए अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त करने का एक माध्यम भी है। मुर्मू ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी वयस्क नागरिकों को प्राप्त मतदान का अधिकार, राजनीतिक और सामाजिक न्याय एवं समानता के संवैधानिक आदर्शों को ठोस अभिव्यक्ति प्रदान करता है। उन्होंने रेखांकित किया कि संविधान में निहित "एक व्यक्ति, एक वोट" का सिद्धांत संविधान निर्माताओं के आम लोगों की बुद्धिमत्ता पर दृढ़ विश्वास का परिणाम है।

### तैयारियां पूरीं: परेड के साक्षी बनेंगे 10,000 मेहमान

# गणतंत्र दिवस आज: सुबह 10:30 बजे परेड शुरू होगी, 90 मिनट तक चलेगी

**पीएम मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर देंगे श्रद्धांजलि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत 26 जनवरी को भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद सुबह 10:30 बजे परेड शुरू होगी। गणतंत्र दिवस परेड लगभग 90 मिनट तक चलेगी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे।

#### वंदे मातरम की थीम

हर साल की तरह इस वर्ष भी नई दिल्ली के इंडिया गेट के पास कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देंगे। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय ध्वज फहराकर इस खास दिन की शुरुआत करेंगी। वंदे मातरम की थीम पर कर्तव्य पथ पर, 1923 में तेजेंद्र कुमार मित्रा की ओर से बनाई गई चित्रों की एक श्रृंखला को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रगान 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ का जश्न मनाएगा। जो गीत की पंक्तियों को दर्शाते हुए राष्ट्रवाद के अतीत और वर्तमान के वृत्तांतों को जोड़ने का काम करेगा।

#### 30 झांकियां निकलेंगी

कर्तव्य पथ पर परेड के दौरान कुल 30 झांकियां निकलेंगी। इसमें से 17 राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों की और 13 मंत्रालयों या विभागों या सेवाओं की होंगी। यह भारत की विविधता, प्रगति और विरासत का प्रतिनिधित्व करेंगी। कर्तव्य पथ पर लगभग 2,500 सांस्कृतिक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रदर्शन का विषय 'स्वतंत्रता का मंत्र- वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' होगा। परेड के अंत में 'वंदे मातरम' लिखे बैनर का अनावरण किया जाएगा और साथ ही रबर के गुब्बारे भी छोड़े जाएंगे। हवाई करतब परेड में प्रमुख आकर्षण होंगे। सशस्त्र बलों के 29 विमान शामिल होंगे।

---

## खबर संक्षेप

### अग्निमित्रा को बंगाल भाजपा उपाध्यक्ष बनाया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में भाजपा की कुछ महिला नेताओं की खूब चर्चा होती है। अग्निमित्रा पॉल का नाम इसमें शामिल है और उन्हें भाजपा की प्रमुख महिला नेताओं में शुमार किया जाता हैं। पॉल को प्रदेश भाजपा कासिके साथ ही उन्हें 11 सदस्यों की संकल्प पत्र समिति का भी सदस्य बनाया गया है। नेतृत्व ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है।

### अल्वी ने उठाए कांग्रेस लीडरशिप पर सवाल



**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस नेता शकील अहमद ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर रहे हैं। अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने भी पार्टी में कम्युनिकेशन गैप को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि संगठन के अंदर कम्युनिकेशन गैप हो गया है।

### विजय ने पार्टी के चिह्न सीटी का अनावरण किया



**मामल्लापुरम।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय ने कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब जो होने जा रहा है वह सिर्फ एक चुनाव नहीं है; यह एक लोकतांत्रिक लड़ाई है। सभा में विजय ने अपनी पार्टी के चिह्न 'सीटी' का अनावरण किया। और उसे बजाया, जिसमें उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका साथ दिया और उनका उत्साह बढ़ाया।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन ने बांके बिहारी मंदिर में किए दर्शन

# प्रधानमंत्री मोदी ने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की भी चिंता की : नितिन

भाषा ▶▶| मथुरा (उप्र)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल देश को आगे बढ़ाया है, बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की भी चिंता की है। नवीन ने यह भी दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद पहली बार भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा पहुंचे नितिन नवीन ने कहा कि आज जब मैं यहां आ रहा था तो देखकर लगा कि पहले विदेशों में जैसी सड़कें होती थीं, उससे बेहतर सड़कें अब उत्तर प्रदेश में हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि देश कैसे बदल रहा है। मोदी ने न केवल इस देश को आगे बढ़ाया है, बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की भी चिंता की है।



#### उप्र ने 'बीमारू' राज्य की छवि को पीछे छोड़ा

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश 'बीमारू' राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए आज भारत की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत संबल बन रहा है। मथुरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का उत्तर प्रदेश के पहले दौरे पर हार्दिक स्वागत किया। योगी ने कहा कि गर्व का विषय है कि नितिन नवीन का पहला दौरा श्रीकृष्ण की पवित्र भूमि मथुरा में हुआ।

### गोवा में बोले-सीजेआई

# करुणा के बिना कानून बन जाता है अत्याचार: सूर्यकांत

भाषा ▶▶| पणजी



प्रधान न्यायाधीश बोले-कानून के बिना करुणा अराजकता

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि करुणा के बिना कानून अत्याचार बन जाता है और कानून के बिना करुणा अराजकता का कारण बनती है। नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर गोवा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के 30 दिन के विशेष जागरूकता अभियान के समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह समझना चाहिए कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग केवल आपराधिक समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक, मनोवैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय समस्या भी है, जिससे निपटने के लिए प्रतिशोधात्मक बयानबाजी नहीं, बल्कि परामर्शपूर्ण कार्रवाई की जरूरत है। नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर महीने भर चला यह अभियान इस भावना को स्पष्ट रूप से दर्शाने में सफल रहा है।

### हैदराबाद शहर में भयंकर हादसा

# आग लगने पर दम घुटने से दो बच्चों समेत पांच की मौत

भाषा ▶▶| हैदराबाद

तेंलगाना की राजधानी हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में फर्नीचर दुकान की चार मंजिला इमारत में आग लग जाने के कारण "दम घुटने" से दो बच्चों और एक बुजुर्ग महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को इमारत में भीषण आग लग गई थी, जिसके बाद इमारत के बेसमेंट में फंसे लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने दुकान के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।



आग लगने से बाहर निकलने में रहे असमर्थ

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमें सूचना मिली थी कि पांच लोग लापता हैं। रविवार को इमारत के बेसमेंट में अलग-अलग स्थानों से दो बच्चों और एक बुजुर्ग महिला समेत सभी पांचों के शव बरामद कर लिए गए।

### द्रमुक के लिए 2026 का चुनाव 'आखिरी' होगा : पलानीस्वामी

**चेन्नई (भाषा)।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव के. पलानीस्वामी ने रविवार को कहा कि जनता के भारी आक्रोश के कारण तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव सत्तारूढ़ द्रमुक के लिए "आखिरी" चुनाव होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु एक "युद्धक्षेत्र" बन गया है, जहां सरकारी कर्मचारी, शिक्षक, सफाईकर्मी, नर्स जैसे सभी वर्गों के लोग राज्य भर में आंदोलन कर रहे हैं।



उन्होंने पत्रकारों से कहा, "द्रविड़ मुनेत्र कषगम अब सत्ता में नहीं आएगी। द्रमुक के लिए यह आखिरी चुनाव होगा। पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने 2021 के चुनाव से पहले किए गए अपने चुनावी वादों का एक चौथाई भी पूरा नहीं किया। तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव इस साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है।

### कोलकाता: तृणमूल और भाजपा समर्थकों के बीच हुई 'झड़प', मंच में आग लगाई

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थकों के बीच रविवार शाम कोलकाता के दक्षिण-पश्चिमी बाहरी इलाके सखेरबाजार में एक स्थानीय क्लब द्वारा कथित तौर पर तेज आवाज में माइक्रोफोन का इस्तेमाल किये जाने को लेकर झड़प हो गई। जनसभा के लिए बनाये गए मंच में भी झड़प के दौरान कथित तौर पर आग लगा दी गई। त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब देब ने दोपहर में इस मंच से जनसभा को संबोधित किया था। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों की मदद ली गई।

### बंगाल में एसआईआर सुनवाई के दौरान उत्पीड़न का आरोप

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की महिला एवं बाल विकास मंत्री शशि पांजा ने मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआरइआर) प्रक्रिया के तहत उत्तरी कोलकाता में निर्वाचन अधिकारियों के सामने पेशी के दौरान उत्पीड़न का आरोप लगाया है। श्यामपुकुर से तृणमूल कांग्रेस की विधायक पांजा को रविवार दोपहर एसआईआर की सुनवाई के लिए पेश होने के लिए कहा गया था। सूत्रों के अनुसार, वह सुनवाई कक्ष में दो बार दाखिल हुईं। पांजा को पहली बार कक्ष में जाने के बाद बाहर आने और बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के साथ चर्चा करते हुए देखा गया, जिसके बाद वह फिर से अंदर चली गईं। पांजा ने सुनवाई के बाद संवाददाताओं से अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मेरा नाम 2002 की मतदाता सूची में दर्ज है"। मंत्री ने कहा कि "मुझसे इतने सारे दस्तावेज क्यों मांगे जा रहे हैं? मेरी कोई गलती नहीं है।

**बंगाल की मंत्री ने अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग पर सवाल उठाया**

### अब तक का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता

# भारत और यूरोपीय संघ कल वार्ता पूरी होने की करेगा घोषणा, 18 साल का इंतजार होगा खत्म

**समझौते को यूरोपीय संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) 27 जनवरी को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता संपन्न होने और इसे अंतिम रूप देने की घोषणा करने के लिए तैयार हैं। एक अधिकारी के अनुसार, इस समझौते का उद्देश्य अमेरिकी शुल्क के कारण वैश्विक व्यापार में जारी व्यवधानों के बीच दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है।

**इसकी वार्ता वर्ष 2007 में शुरू हुई थी**

**भारत उच्च शुल्क का सामना कर रहा**

18 साल के लंबे इंतजार के बाद यह समझौता अब अपने अंतिम पड़ाव पर है।




इसकी वार्ता वर्ष 2007 में शुरू हुई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को अब तक का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता ''मदर ऑफ ऑल डील्स'' करार दिया है। अधिकारी ने बताया कि वार्ता के समापन की घोषणा यहां आयोजित होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान की जाएगी।

#### यूरोपीय संघ भारतीय बाजार में पहुंच चाहता है

यूरोपीय संघ अपने ऑटोमोबाइल निर्यात, वाइन और हाई-टेक विनिर्माण क्षेत्रों के लिए भारतीय बाजार में अधिक पहुंच चाहता है। संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों को फिलहाल इस समझौते से बाहर रखा गया है ताकि छोटे और सीमांत किसानों के हितों की रक्षा की जा सके। यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

#### आयोग की अध्यक्ष पहुंची भारत

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 24 जनवरी को चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंच चुकी हैं। वह यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगी। हालांकि वार्ता पूरी होने की घोषणा इसी सप्ताह हो जाएगी, लेकिन मसौदे की कानूनी समीक्षा के बाद इसे आपसी सहमति वाली तारीख पर हस्ताक्षरित किया जाएगा।

#### समझौते पर कैबिनेट की मुहर जरूरी

इसके क्रियान्वयन में थोड़ा समय लग सकता है क्योंकि इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी, जबकि भारत में इसे केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल की अनुमति चाहिए। इस समझौते के तहत दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाली 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क को कम या समाप्त करेंगे।

### ट्रंप के टैरिफ से टेक्सटाइल एक्सपोर्ट को भारी नुकसान, बंद हो जाएंगी फैक्ट्रियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से भारतीय निर्यातकों को नुकसान पहुंच रहा है। खासकर, टेक्सटाइल एक्सपोर्ट पर इसके बुरे असर को देखते हुए अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (एईपीसी) ने सरकार से यह कहते हुए कि तुरंत दखल देने की मांग की है कि देरी से प्रोडक्शन में कटौती और फैक्ट्रियां बंद हो जाएंगी। वाइस-प्रेसिडेंट सीपी राधाकृष्णन को लिखे एक पत्र में अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि अपैरल गारमेंट इंडस्ट्री को सपोर्ट और सही कार्रवाई की सख्त जरूरत है। यदि समय रहते सरकार कदम नहीं उठाती है तो कई गारमेंट कंपनियों भारत की बंद हो सकती है। लेटर में यह भी कहा गया, 'हाल ही में अमेरिका की तरफ से आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और रूसी तेल से जुड़ी 25 प्रतिशत की एक्स्ट्रा पेनल्टी लगाने से भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट में, खासकर अमेरिका में, जो भारत का सबसे बड़ा सिंगल एक्सपोर्ट मार्केट है, गंभीर रुकावट आ रही है।'



अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की सरकार से दखल देने की मांग


हरियाणा सरकार
GOVT. OF HARYANA
गणतंत्र के गौरव गान में, भारत की शान में,
आओ फहराएं तिरंगा, संविधान के सम्मान में
26 जनवरी, 2026
गणतंत्र दिवस
के अवसर पर देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
"गणतंत्र दिवस की ढेरों शुभकामनाएं !
इस अवसर पर हम उन सभी महान विभूतियों को नमन करते हैं,
जिन्होंने हमारा संविधान बनाकर यह सुनिश्चित किया कि
हमारी विकास यात्रा लोकतंत्र, गरिमा और एकता पर आधारित हो।"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# संविधान, संप्रभुता, लोकतांत्रिक शक्ति का उत्सव है गणतंत्र दिवस

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 26 जनवरी वह स्वर्णिम दिन है, जब देश ने औपनिवेशिक अतीत से पूरी तरह बाहर निकलकर स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। वर्ष 2026 में भारत अपना 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव और भव्यता के साथ मना रहा है, जो न केवल संविधान की दीर्घायु का उत्सव है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता और निरंतर सुदृढ़ होती संस्थाओं का भी प्रमाण है। यह दिन केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ और देश ने स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। यह संविधान ही भारत की आत्मा है, जिसने विविधताओं से भरे इस विशाल देश को एकता के सूत्र में बांधे रखा। गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सत्ता का वास्तविक स्रोत जनता है और शासन संविधान के दायरे में रहकर ही चलाया जाना चाहिए। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह और भी विशेष है क्योंकि भारत न केवल आंतरिक रूप से मजबूत लोकतंत्र के रूप में उभरा है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी उसकी भूमिका लगातार सशक्त होती जा रही है। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने की परंपरा भी भारत की अंतरराष्ट्रीय सोच और कूटनीतिक दृष्टि को दर्शाती है। यह परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना गणतंत्र स्वयं है। 1950 में, जब पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया गया, तब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो भारत के पहले मुख्य अतिथि थे। यह स्पष्ट संकेत था कि भारत अपनी आज़ादी को केवल घरेलू उत्सव नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग और मित्रता के अवसर के रूप में देखता है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि पहली गणतंत्र दिवस परेड कर्तव्य पथ (तत्कालीन राजपथ) पर नहीं, बल्कि इरविन स्टेडियम में आयोजित हुई थी, जिसे आज नेशनल स्टेडियम के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1955 में परेड को राजपथ स्थानांतरित किया गया, जिसे आज कर्तव्य पथ कहा जाता है। 77वें गणतंत्र दिवस पर भारत एक बार फिर अपने उन सच्चे नायकों को सम्मानित कर रहा है, जो देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर परिस्थिति में डटे रहते हैं। इस वर्ष 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह संख्या अपने आप में बताती है कि राष्ट्र अपने रक्षकों के योगदान को कितनी गंभीरता से स्वीकार करता है। इसके अतिरिक्त, नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से जुड़े 35 कर्मियों और पूर्वोत्तर भारत में तैनात 5 कर्मियों को भी वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा है। यह दिखाता है कि देश के हर कोने में तैनात सुरक्षाबल समान साहस और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कुल मिलाकर, इस बार का गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, संवैधानिक मूल्यों और सुरक्षा बलों की वीरता का भव्य संगम है। यह दिन हमें गर्व करने का अवसर देता है, साथ ही यह जिम्मेदारी भी याद दिलाता है कि एक नागरिक के रूप में हम संविधान, राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं। गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और राष्ट्रनिर्माण का प्रेरक अवसर है।



उपलब्धि
अरविंद जयतिलक

भारतीय संविधान ने देश में सभी नागरिकों को ढेरों अधिकार दे रखे हैं, जिससे उन्हें अपने व्यक्तित्व को संवारने की आजादी मिली हुई है। भारतीय संविधान में जाति, धर्म, रंग, लिंग, कुल, गरीब व अमीर आदि के आधार सभी समान हैं। जनमत पर आधारित भारतीय संविधान ने संसदीय शासन प्रणाली में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान किया है। सत्ता प्राप्ति के लिए खुलकर प्रतियोगिता होती है और लोगों को चुनाव में वोट के द्वारा अयोग्य शासकों को हटाने का मौका मिलता है। हालांकि, जनसंख्या नियंत्रण की चुनौती अभी भी बनी हुई है। इन समस्याओं के बाद भी देश ने सात दशकों में ढेर सारी उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिस पर हम गर्व कर सकते हैं।

# बुलंदियों के क्षितिज पर भारतीय गणतंत्र

आज भारत राष्ट्र अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को भारत राष्ट्र ने संसार को एक नए गणराज्य के गठन की सूचना दी। अपने संविधान को अमल में लाया। उस संविधान की भावना के अनुरूप ही भारत एक प्रभुता संपन्न गणतंत्रात्मक धर्मनिरपेक्ष समाजवादी राज्य बना। देश में संविधान का शासन है और संसद सर्वोच्च है। देश की आजादी के उपरांत हमारा उद्देश्य एक शक्तिशाली, स्वतंत्र और जनतांत्रिक भारत का निर्माण करना था। ऐसा भारत जिसमें सभी नागरिकों को विकास और सेवा का समान अवसर मिले।

ऐसा भारत जिसमें जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, आतंकवाद, नक्सलवाद, छुआछूत, हठधर्मिता और मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण के लिए स्थान न हो, इसीलिए हमारे संविधानविदों ने संविधान गढ़ते वक्त दुनिया के बेहतरीन संविधानों से अच्छे प्रावधानों को ग्रहण किया। गौर करें तो भारतीय संविधान की यह सभी विशेषताएं भारतीय संविधान को उदारवादी और विकासवादी बनाती हैं। भारतीय संविधान ने देश में सभी नागरिकों को ढेरों अधिकार दे रखे हैं, जिससे उन्हें अपने व्यक्तित्व को संवारने की आजादी मिली हुई है। भारतीय संविधान में जाति, धर्म, रंग, लिंग, कुल, गरीब व अमीर आदि के आधार सभी समान हैं। जनमत पर आधारित भारतीय संविधान ने संसदीय शासन प्रणाली में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान किया है। सत्ता प्राप्ति के लिए खुलकर प्रतियोगिता होती है और लोगों को चुनाव में वोट के द्वारा अयोग्य शासकों को हटाने का मौका मिलता है। भारतीय संविधान ने राज्य के लोगों की स्वतंत्रता और उनके अधिकारों में अनुचित हस्तक्षेप करने का अधिकार केंद्र या राज्य सरकारों को नहीं दिया है। संविधान के तहत राजनीतिक दल सभाओं, भाषणों, समाचारपत्रों, पत्रिकाओं तथा अन्य संचार माध्यमों से जनता को अपनी नीतियों और सिद्धांतों से अवगत कराते हैं। विरोधी दल संसद में मंत्रियों से प्रश्न पूछकर, काम रोको प्रस्ताव रखकर तथा वाद-विवाद द्वारा सरकार के भूलों को प्रकाश में लाते हैं। सरकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए उसकी नीतियों और कार्यों की आलोचना करते हैं। भारतीय संविधान के मुताबिक संघीय शासन की स्थापना के बावजूद प्रत्येक नागरिक को इकहरी नागरिकता प्राप्त है और इससे राष्ट्र की भावनात्मक एकता की पुष्टि होती है। यहां संयुक्त राज्य अमेरिका की तरह राज्यों की कोई पृथक नागरिकता नहीं है। धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी इच्छानुसार शिक्षण संस्थाएं स्थापित करने तथा धन का प्रबंध करने का अधिकार है। संविधान ने सुनिश्चित किया है कि शिक्षण-संस्थाओं को सहायता देते समय राज्य किसी शिक्षण संस्था के साथ इस आधार पर भेदभाव नहीं करता है कि वह संस्था धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है। इसी तरह भारतीय नागरिकों को सूचना प्राप्त करने का अधिकार हासिल है। इस व्यवस्था ने भारतीय नागरिकों को शासन-प्रशासन से सीधे सवाल-जवाब करने की नई लोकतांत्रिक धारणा को जन्म दिया है। इस व्यवस्था से सरकारी कामकाज में सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ा है, जिससे आर्थिक विकास को तीव्र करने, लोकतंत्र की गुणवत्ता बढ़ाने और भ्रष्टाचार को



नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। सूचना के अधिकार से सत्ता की निरंकुशता पर भी अंकुश लगा है। भारतीय संविधान ने भारत के स्वरूप को एक मृदु राज्य में तब्दील कर दिया है। उसी का नतीजा है कि भारत के प्रत्येक राज्यों में राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन हुआ है। इन आयोगों को विधिवत सुनवाई करने तथा दंड देने का अधिकार प्राप्त है। इससे सत्ता का विकेंद्रीकरण और स्थानीय स्तर पर स्वशासन की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से मृदु राज्य के रूप में तब्दील होने से भारत का तीव्र गति से विकास हो रहा है और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता भी बनी हुई है। आज भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आज भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आज भारत में सबसे ज्यादा स्मार्टफोन डेटा उपभोक्ता हैं। सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। भारत तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग लगातार सुधर रही है। देश में यूपीआई के जरिए लेन-देन बढ़ा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में यूपीआई से कुल 228 अरब से अधिक के लेन-देन हुए जिनका कुल मूल्य लगभग 300 लाख करोड़ था। यह वर्ष 2024 की तुलना में 32.5 प्रतिशत तथा मात्रा में 21 प्रतिशत अधिक है। विनिर्माण क्षेत्र में ग्रोथ से भारत के निर्यात में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। 2025 में 824.9 बिलियन के रिकार्ड स्तर पर रहा। बीते दस वर्षों में 120 अरब डॉलर से ज्यादा की नई कंपनियां अस्तित्व में आई हैं। आज इनका मूल्य 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह संकेत भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था की संभावना को पुख्ता करता है। भारत गरीबी से निपटने के लक्ष्य को तेजी से हासिल कर रहा है।

नीति आयोग के डिस्कशन पेपर 'मल्टीडाइमेंशनल पॉवर्टी इन इंडिया सिंस की रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि 2013-14 से 2022-23 के बीच 24.82 करोड़ लोग मल्टीडाइमेंशनल गरीबी से बाहर निकले हैं। ऐसा इसलिए संभव हुआ है कि सरकार ने कल्याणाकारी योजनाओं के लीकेज को बंद करने में सफलता हासिल की है अर्थात कल्याणाकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा है। केंद्र सरकार भूख की गरीबी को खत्म करने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना संचालित कर रही है जिसके जरिए देश के तकरीबन 80 करोड़ लोगों को पांच किलोग्राम खाद्यान्न दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की उज्जवला योजना के अंतर्गत तकरीबन दस करोड़ लोगों को लाभ पहुंचा है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास दिया जा चुका है। 41 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिसके जरिए उन्हें उच्चकोटि के अस्पतालों में निःशुल्क इलाज मिल रहा है। जनधन खाताधारकों की संख्या 56 करोड़ के पार पहुंच चुकी है जिसमें 80 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी है। इन खातों में 2.68 लाख करोड़ से अधिक की धनराशि जमा है और 70 करोड़ रुपे कार्ड जारी किया गया है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, इसके लिए केंद्र सरकार ने देश का भाग्य संरचनात्मक रूप से कृषि से जोड़ दिया है। जनसंख्या नियंत्रण की चुनौती अभी भी बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी है, वहीं भारत में साल भर में आबादी 1.56 प्रतिशत बढ़ी है। विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इन समस्याओं के बाद भी सात दशकों में ढेर सारी उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिस पर हम गर्व कर सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गर्व
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



# भारत गणतंत्र तुम्हारी जय हो!

हम भारत के लोग 26 जनवरी 2026 की सुबह अपने 77वें गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। यह समय हमें आंकलन करने की अपेक्षा करता है कि इतने दीर्घावधि वाले भारत गणतंत्र का 'जन-गन-मन' आज किन अनुभूतियों के साथ जी रहा है। यह देश का सौभाग्य है कि हमारे पास सबसे बड़ी युवा आबादी है। इस देश की महिलाएं विगत 77 वर्षों में पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं से लड़कर मुख्यधारा में सम्मिलित हो चुकी हैं। पहले की अपेक्षा बाल शिशु मृत्यु दर कम हुई है। कौशलयुक्त शिक्षा व्यवस्था अपना आकार ले चुकी है और स्टार्टअप के माध्यम से अनेक युवा अपने रोजगार सृजित कर दूसरों को रोजगार देने में सक्षम हुए हैं। यह इस देश की और भारतीय गणतंत्र की खूबसूरती है कि सामाजिक न्याय पहले की अपेक्षा अब ज्यादा दिखने लगा है। एलजीबीटीक्यू ग्रुप, वृद्धजन, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, आदिवासी लोग और घुमंतू जातियों के लोगों में आत्मसम्मान बढ़ा है। जागरूकता बढ़ी है। शिक्षा का स्तर बढ़ा है। मानव विकास के सूचकांकों में वृद्धि हुई है। जीवन स्तर ऊंचा हुआ है। अब किसान की आय में वृद्धि हुई है। हमारे आयत-निर्यात और वह्स्विक स्तर पर राजनयिक संबंधों में कभी असहजता जो बढ़ रही थी, उसमें अब सुगमता से डिप्लोमेटिक लेवल पर पॉलिसीज तैयार हुई है। देश ने द्विपक्षीय संबंधों और बहुपक्षीय संबंधों में विश्वास को जीता है और बहुत से देशों के साथ मधुर संबंध स्थापित हुए हैं। भारतीय संविधान की यह ताकत है कि भारत गणतंत्र इतना सशक्त व समृद्ध तरीके से अपने 77 वर्ष का समय पूर्ण करके कई नई पहल करने के लिए सक्षम बन सका है। देश में विशेष सन्देश सबके मन के भीतर है कि हम भारतीय गणतांत्रिक व्यवस्था के साथ जीकर 2047 तक विकसित भारतीय गणतंत्र की ओर अग्रसर हों और हमारे भारतीय नागरिकों में स्वबोध, गौरवबोध की स्थापना हो। हमारे देश के महान स्वाधीनता सेनानियों, संविधान निर्माताओं और भारत के निर्माणकर्ताओं को इस पावन अवसर पर हमें स्मरण करना है। उन स्त्रियों को स्मरण करना है जिन्होंने उन दिनों गांधी, सुभाष, पटेल, सी. राजगोपालाचारी, राजेंद्र प्रसाद, नेहरू आदि के साथ भारतीय अस्मिता के लिए संघर्ष किया और भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल, चंद्रशेखर आज़ाद जैसे त्यागी, आत्मबलिदानी व साहसी लोगों के प्राणों के आहुति से प्रेरित होकर देश की स्वाधीनता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हममें से अधिकांश लोग अजीजन बाई के बारे में नहीं जानते, जो 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की बहादुर नायिका थीं। पेशे से नर्तकी-तवायफ होने के बावजूद उन्होंने देशभक्ति में जीवन लगा दिया। उन्होंने लगभग 400 महिलाओं का गुप्त समूह, जो अंग्रेज़ों से जानकारी जुटाता और क्रांतिकारियों तक पहुंचाता। इसके अलावा वे हथियार चलाने और सैनिकों की मदद में भी माहिर थीं। विद्रोह के दौरान उन्हें ब्रिटिशों ने पकड़ लिया। उन्होंने अपने साथियों का राज़ नहीं खोला और शर्तें अस्वीकार की। जनरल हैवलॉक ने उन्हें तोप से उड़ा दिया। उनके इस साहस और योगदान के कारण नानासाहेब ने उन्हें बहन समान सम्मान दिया था। उनका साहस आज भी महिलाओं की वीरता और स्वतंत्रता प्रेम की मिसाल है। ऐसी वीरांगनाओं को इस गणतंत्र पर हमें स्मरण करना है। हमारी आने वाली पीढ़ी की मांग के मुताबिक उनके सपनों के हिसाब का भारत बनाना ज़रूरी होगा लेकिन यह फिक्र तभी कम होगी, जब हमारी इच्छाशक्ति, विजन-प्लान व लीडरशिप सशक्त, पारदर्शी व गंभीर पहल करेगी। वास्तव में मुख्यधारा से लेकर हाशिये के समाज तक योजनाओं का पूर्णतया नियोजन व प्रतिभागिता व लाभार्थी बनाने की चेष्टा होगी। इस गणतंत्र पर हम अपने पड़ोसियों के दुःख-सुख में सहभागी होने की शपथ लें। सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए तत्पर हो और वैश्विक स्तर पर ख्याति व उपलब्धियों के शानदार प्रदर्शन के लिए हर भारतीय मन तैयार हो तो देश अपने गणतंत्र की जयघोष खुद करने या प्रचारित करने के लिए नहीं सोचेगा अपितु पूरी दुनिया भारतीय गणतंत्र की जय-जयकार करेगी। सबसे अच्छी बात यह है कि भारत निराश नहीं है। भारत निरंतर अपने विकास के कीर्तिमान स्थापित भी कर रहा है। स्पेस, टेक्नोलॉजी, डिजिटल क्रांति के लिए भारत को संपूर्ण विश्व में सम्मान प्राप्त है। अब तक की भारतीय संवैधानिक यात्रा दुनिया के अनेक देशों की लोकतांत्रिक व्यवस्था में उत्तम मानी जा रही है, इसलिए आज आशावादी देश भारत अपने देश के गणतांत्रिक मूल्यों के साथ हिमालय सा मस्तक ऊंचाकर आगे बढ़ने को तैयार है। देश के नागरिकों को अपने कर्त्तव्य का वैयक्तिक व सामूहिक स्तर ज्यादा समझने की आवश्यकता है। हम सब कामना करें कि इस 77वें गणतंत्र पर भारत गणतंत्र तुम्हारी जय हो! यह देश निर्भय हो। इस भावना के साथ ही हम अपने गणतांत्रिक स्वबोध को भी बचा सकेंगे।

(लेखक पंजाब विवि में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मारपीट-हत्याओं के बढ़ते मामले

देश में मारपीट और हत्या के मामलों में इजाफा हो रहा है। ऐसे ही मामले काफी समय से राजधानी रायपुर व प्रदेश के कई ग्रामीण इलाकों में बढ़े हैं। इन मामलों के बढऩे का सबसे बड़ा कारण लोगों का सहनशीलता लेवल कम होना है। जहां भी हमारा आपा खो जाता है, वहां हम मारपीट में फंस जाते हैं। मारपीट और हत्या के मामलों से बचने के लिए एक ही चारा है कि हमें कोई भी विवाद हो, उसे बातचीत से सुलझा देना चाहिए। वहीं एक सुझाव यह भी है कि महिलाओं को समाज में सशक्त होना चाहिए, ताकि कोई भी विवाद हो वह उसे अच्छे से सुलझा लें। महिलाएं सशक्त होंगी तो बहुत सारे विवाद जो घर से बाहर निकलते हैं, वे सुलझ सकते हैं।

*–रमेश यदु, भाटापारा*

## ट्रेंड

### जनभागीदारी की मिसाल



उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से गुजरने वाली तमसा नदी का पुनरोद्धार जनभागीदारी की सफलता की अद्भुत मिसाल है। यहां के लोगों ने अपनी सामूहिक शक्ति से ना केवल एक नदी, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की धारा को एक नया जीवन दिया है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'श्री अन्न' की स्वीकार्यता



'श्री अन्न' की बढ़ती स्वीकार्यता देश के खानपान में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को दर्शाती है, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में किया है। 'श्री अन्न' आज पोषण, नवाचार और किसान आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बना है।

**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### वायु प्रदूषण



हम वायु प्रदूषण की बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं -अपने स्वास्थ्य से भी और अर्थव्यवस्था से भी। करोड़ों आम भारतीय हर दिन इसका बोझ झेल रहे हैं। बच्चे और बुज़ुर्ग सबसे ज़्यादा इसके कारण पीड़ा सहते हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सोरेन ने परंपरा तोड़ी



झारखंड की उप राजधानी दुमका में मुख्यमंत्री द्वारा गणतंत्र दिवस के दिन झंडोत्तोलन किए जाने की परंपरा रही है, लेकिन हेमंत सोरेन ने लंदन में शॉपिंग करने के लिए इस परंपरा को भी तोड़ दिया। वे विदेशी दौरे पर जनता की गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

# क्लाइम्बर एलेक्स बिना रस्सी ताइपे 101 पर चढ़े

अमेरिकी रॉक क्लाइम्बर एलेक्स होनोल्ड ने रविवार को बिना किसी रस्सी या सुरक्षा उपकरण के गगनचुंबी इमारत 'ताइपे 101' पर चढ़ाई की।



एलेक्स ने रविवार को सुबह जब 508 मीटर (1,667 फुट) ऊंची इस इमारत पर चढ़ना शुरू किया, तो वहां जमा भीड़ ने खुशी से तालियां बजाईं। उन्होंने धातु की बीमों का सहारा लेकर सिर्फ हाथों के जरिये चढ़ाई की। जब वह एक जगह रुके और पीछे मुड़कर दर्शकों की ओर देखने लगे, तो वहां खड़े लोगों ने फिर से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए नारे लगाये। उनकी लाल रंग की छोटी बाजू की शर्ट चढ़ाई के दौरान सबसे अलग दिख रही थी। ताइवान की राजधानी स्थित इस प्रतिष्ठित इमारत पर होनोल्ड की चढ़ाई का सीधा प्रसारण नेटफ्लिक्स पर 10 सेकंड की देरी के साथ किया जा रहा था। एलेक्स को इमारत पर शनिवार को चढ़ना था, लेकिन बारिश के कारण 24 घंटे के लिए इसे स्थगित कर दिया गया था। इस इमारत में 101 मंजिल हैं, जिनमें सबसे कठिन हिस्सा मध्य भाग की 64 मंजिल हैं। ये इमारत को इसकी विशिष्ट पहचान देते हैं। आठ भागों में विभाजित इस इमारत के प्रत्येक भाग में आठ मंजिल हैं। एलेक्स ने ऊपर चढ़ते समय हर भाग में थोड़ी-थोड़ी देर आराम किया।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है - यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं - और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### भारत ने 10 ओवर में 154 रन चेज किए, शर्मा की 14 गेंद पर फिफ्टी

# अभिषेक और सूर्यकुमार का धमाका, भारत ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर जीती शृंखला



## सीरीज का चौथा मैच 28 जनवरी को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने महज 14 गेंद में पांच चौके और चार छक्के से धमाकेदार अर्धशतक जड़ा जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एक और आक्रामक पचासा लगाकर शानदार फॉर्म जारी रखी जिससे भारत ने रविवार को यहां तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को 10 ओवर में आठ विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला अपने नाम कर ली। भारत ने 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पावर-हिटिंग से इस मुकाबले को एकतरफा बना दिया जिसमें अभिषेक ने 20 गेंद में सात चौके और पांच छक्के से नाबाद 68 रन जबकि सूर्यकुमार ने 26 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से नाबाद 57 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए महज 40 गेंद में 102 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने 10 ओवर में दो विकेट पर 155 रन बनाकर श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रृंखला का चौथा मैच 28 जनवरी को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। कलाई के स्पिनर रवि बिश्नोई ने अनुभवी जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के साथ मिलकर शानदार गेंदबाजी करते हुए वापसी की जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को 20 ओवर में नौ विकेट पर 153 रन पर रोक दिया। अभिषेक अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी से भारत की ओर से दूसरे सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए। भारतीयों में युवराज सिंह के नाम 12 गेंद में अर्धशतक जड़ने का रिकॉर्ड है और अभिषेक अपने मेंटोर से महज दो गेंद पीछे रहे गए। भारत की शुरूआत हालांकि अच्छी नहीं रही, उसने शुरू में ही विकेट गंवा दिया। शीर्ष क्रम में संजू सैमसन का संघर्ष जारी रहा और वह पारी की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मैट हेनरी की गेंद पैड से टकराकर ऑफ-स्टंप से जा लगी। सैमसन का अभी तक इस श्रृंखला में स्कोर 10, 6 और शून्य रहा है। इससे उनकी जगह पर और दबाव बढ़ गया है क्योंकि ईशान किशन अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से मजबूत दावा पेश कर रहे हैं। रायपुर में मैच जिताने वाली 76 रन की पारी खेलने के बाद ईशान ने एक ही ओवर में हेनरी को दो छक्के और एक चौका जड़ दिया।

**न्यूजीलैंड:153/9 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डेवोन का हार्दिक बो राणा | 01 |
| टिम सिफर्ट बो बुमराह | 12 |
| रचिन का बिश्नोई बो हार्दिक | 04 |
| ग्लेन का किशन बो बिश्नोई | 48 |
| मार्क का सैमसन बो बिश्नोई | 32 |
| मिचेल का किशन बो हार्दिक | 14 |
| सैंटनर का अभिषेक बो बुमराह | 27 |
| काइल जैमीसन बो बुमराह | 03 |
| मैट हेनरी रन आउट | 01 |
| ईश सोढी नाबाद | 02 |
| जैकब डफी नाबाद | 04 |

अतिरिक्त : 05
कुल: 20 ओवर में नौ विकेट पर 153 रन
गेंदबाजी: राणा 4-0-35-1, पंड्या 3-0-23-2, रवि 4-0-18-2, बुमराह 4-0-17-3, कुलदीप 3-0-32-0, दुबे 2-0-24-0

**भारत:155/2 (10)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन बो हेनरी | 00 |
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 68 |
| ईशान का चैपमैन बो सोढ़ी | 28 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 57 |

अतिरिक्त : 02
कुल : 10 ओवर में दो विकेट पर 155 रन
गेंदबाजी: हेनरी 2-0-28-1, डफी 2-0-38-0, काइल 1-0-17-0, सोढ़ी 2-0-28-1, सैंटनर 2-0-28-0, ग्लेन 1-0-16-0

## शानदार फॉर्म में सैन्यम और गौरव, जीता एयर पिस्टल का फाइनल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



चंडीगढ़ की सैन्यम और उत्तर प्रदेश के गौरव कुमार ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल एक और दो के अंतिम दिन महिला और पुरुष वर्ग के 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल दो के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया।विश्व कप फाइनल की रजत पदक विजेता सैन्यम ने अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए फाइनल में 243.1 के प्रभावशाली स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जो रिदम सांगवान (237.7) से 5.4 अंक अधिक था।मीनू पाठक ने फाइनल में 218.5 का स्कोर बनाकर एक बार फिर शीर्ष तीन में जगह बनाई।

### आठवें स्थान पर रहीं सुरुचि सिंह

इससे पहले क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि सिंह ने 587 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन फाइनल में वह आठवें स्थान पर रहीं। पलक ने क्वालीफाइंग राउंड में 579 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया लेकिन फाइनल में उन्हें 178.2 का स्कोर बनाकर पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। अनुभवी श्वेता सिंह ने 578 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में तीसरा स्थान हासिल किया और फाइनल में वह छठे स्थान पर रहीं। मीनू पाठक ने क्वालीफाइंग राउंड में 577 और प्रिया मुरलीधर ने 576 अंक हासिल किए। रिदम सांगवान और सैन्यम ने भी 576 अंक बनाए जबकि दिव्या टीएस ने 575 अंकों के साथ शीर्ष आठ में जगह बनाई।

### टी2 के फाइनल में शीर्ष स्थान पर गौरव

गौरव ने ट्रायल एक में दूसरे स्थान पर रहने के अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए टी2 के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया। गौरव ने 584 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने फाइनल में 245.5 का स्कोर बनाकर पहला स्थान हासिल किया।



## स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस में उलटफेर करने से चूकी अनाहत

**नई दिल्ली।** उभरती हुई स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को न्यूयॉर्क में स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस के दूसरे दौर में जापान की विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी सतोमी वातानाबे के खिलाफ उलटफेर करने की स्थिति में पहुंचने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। अपने पहले पीएसए प्लैटिनम-स्तरीय टूर्नामेंट में भाग ले रही महिला रैंकिंग में विश्व की 31वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने शुरुआती दो गेम जीते, लेकिन जापान की छठी वरीयता प्राप्त अनुभवी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 6-11, 6-11, 11-2, 11-8, 11-6 से जीत हासिल की। सतोमी ने कहा, 'यह मेरे लिए वास्तव में एक कड़ा मैच था। उसने (अनाहत) बहुत ही शानदार खेल दिखाया।

## सीधे सेटों में जीते अल्काराज, सबालेंका व गॉफ, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन**



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरिना सबालेंका ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने की कोशिश में लगे अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 7-6 (6), 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कनाडा की नंबर 17 विक्टोरिया एमबोको को 6-1, 7-6 (1) से हराया। सबालेंका का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय इवा जोविच से होगा। इस 29वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 53 मिनट में 6-0, 6-1 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। खिताब की एक अन्य दावेदार कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरे वर्ष क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने 19वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा को 6-1, 3-6, 6-3 से हराया।

### सबालेंका ने एमबोको को 31 मिनट में हराया



*वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले चार वर्षों में तीसरा खिताब जीतने की कवायद में लगी सबालेंका ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए कनाडा की 19 वर्षीय खिलाड़ी को केवल 31 मिनट में हरा दिया। सबालेंका दूसरे सेट में उतनी हावी नहीं रहीं और उन्होंने कुछ बेजा गलतियां की। इस सेट में एमबोको ने अच्छा खेल दिखाया।*

### जोकोविच का मिला वाकओवर क्वार्टर फाइनल में एंट्री



रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच कोर्ट पर उतरे बिना ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं क्योंकि चौथे दौर में उनके प्रतिद्वंदी जैकब मेनसिक ने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव कारण 24 घंटे पहले ही रविवार को अपना नाम वापस ले लिया। इससे अपना 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को वाकओवर मिल गया। आयोजकों ने मेनसिक के नाम वापस लेने की पुष्टि की। यह मैच सोमवार रात को रॉड लेवर एरिना में खेला जाना था।मेनसिक ने कहा, 'पिछले कुछ मैचों के बाद मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। समस्या मेरे पेट की बाईं तरफ की मांसपेशियों में है। अगर मैं सोमवार को कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है।'

## पाकिस्तान ने किया टी-20 विश्व कप के लिए स्क्वॉड का ऐलान

- सलमान अली आगा करेंगे कप्तानी, रिजवान और रऊफ बाहर, बाबर आजम को मौका



एजेंसी ▶▶| लाहौर


बांग्लादेश से समर्थन में टी20 विश्व कप 2026 से बाहर होने की धमकी देने के ठीक एक दिन बाद ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टी20 विश्व कप के लिए सलमान अली आगा के नेतृत्व में पीसीबी ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी20 विश्व कप की टीम में पूर्व कप्तान और सीनियर खिलाड़ी बाबर आजम को शामिल किया है, लेकिन तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को मौका नहीं दिया है। हाल ही में बीबीएल में बाबर, रिजवान और हारिस तीनों का ही प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, लेकिन बाबर विश्व कप टीम में अपनी जगह बनाए रखने में कामयाब रहे हैं।

### भारत, नीदरलैंड, यूएसए के साथ ग्रुप ए में पाक

विश्व कप की शुरुआत 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हो रही है। पाकिस्तान को भारत, नीदरलैंड, यूएसए और नामीबिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। पाकिस्तान 7 फरवरी को नीदरलैंड, 10 फरवरी को यूएसए, 15 फरवरी को पाकिस्तान और 18 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ खेलेगा। पाकिस्तान अपने सभी ग्रुप मैच कोलंबो में खेलेगा।

## महिला फुटबॉल टीम की कोच बनीं पामेला कोंटी

**नई दिल्ली।** इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पामेला कोंटी को भारतीय महिला अंडर-17 टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया और वह इस साल भारत के एएफसी एशियाई कप अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की यह इस महीने में राष्ट्रीय टीम के लिए की गई दूसरी नियुक्ति है। इस महीने की शुरुआत में कोस्टा रिका की एमेलिया वाल्वर्डे को सीनियर महिला टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया था। 2015 और 2023 में फीफा महिला विश्व कप में कोस्टा रिका टीम का नेतृत्व करने वाली एमेलिया एक से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी एशियाई कप तक टीम की देखरेख करेंगी। एएफसी महिला अंडर-17 एशियाई कप 30 अप्रैल से 17 मई तक चीन में आयोजित होगा।






## खबर संक्षेप

### ट्रंप के टैरिफ की धमकी पर कनाडा का पलटवार

**ओटावा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापारिक युद्ध छिड़ गया है। ट्रंप ने कनाडा को चेतावनी दी है कि यदि उसने चीन के साथ कोई भी ट्रेड डील साइन की, तो अमेरिका कनाडाई सामानों पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देगा। मार्क कार्नी ने कहा कि सीधे अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि कनाडा की अर्थव्यवस्था को बाहरी खतरा है।

### कनाडा में भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** कनाडा में भारतीय मूल के युवक दिलराज सिंह गिल की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि यह हत्या टारगेटेड गैंग वॉर का नतीजा हो सकती है। पुलिस ने युवक की पहचान वैंकूवर निवासी दिलराज सिंह गिल के रूप में बताई, जो कि भारतीय मूल का निवासी था।

### सेना व आईटीबीपी ने किया संयुक्त अभ्यास

**ईटानगर।** सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने अंतर-बल युद्धक तालमेल व अभियानगत एकीकरण में वृद्धि के लिए अरुणाचल में संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास में भाग लिया। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि छह दिवसीय अभ्यास 'अग्नि परीक्षा' 19 से 24 जनवरी तक आयोजित किया गया था।

### अमेरिका के पावर हाउस ने दिल्ली में डाला डेरा

# ईयू से फाइनल डील की भनक लगते ही ट्रंप के दूतों ने जयशंकर से मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच एक बड़े व्यापार समझौते की चर्चाएं अंतिम दौर में हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने अपने 'पावर हाउस' कहे जाने वाले तीन दिग्गजों को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मिलने भेजा। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब वाशिंगटन और नई दिल्ली के रिश्ते एक नाजुक मोड़ पर हैं।

अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगा रखा है। इस तनाव के बीच, ट्रंप प्रशासन के करीबी राजदूत सर्जियो गोर की अगुवाई में माइक रोजर्स, एडम स्मिथ और जिमी पैट्रोनिस का भारत आना यह बताता है कि अमेरिका, भारत को अपने पाले से दूर नहीं जाने देना चाहता। एचएएससी के चेयरमैनमाइक रोजर्स का भारत आना यह संकेत है कि भले ही ट्रेड को लेकर दोनों देशों में झगड़ा हो, लेकिन डिफेंस के मामले में अमेरिका भारत को नाराज नहीं कर सकता।


विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात

#### मुलाकात की खास टाइमिंग

भारत और ईयू के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लगभग फाइनल होने वाला है। अगर यह हो जाता है, तो जर्मन और फ्रेंच कंपनियों को भारत के विशाल बाजार में बिना टैक्स के एंट्री मिल जाएगी, जबकि अमेरिकी कंपनियों को भारी टैक्स देना होगा। अमेरिका कभी नहीं चाहेगा कि उसकी कंपनियां जैसे फोर्ड, टेस्ला या एप्पल यूरोपियन कंपनियों से पिछड़ जाएं। माइक रोजर्स और उनकी टीम का उद्देश्य यह टटोलना था कि भारत-ईयू डील कितनी आगे बढ़ी है और अमेरिका इसमें कहां फिट बैठता है।

## ये हैं ट्रंप के तीन खास दूत


### माइक रोजर्स: डिफेंस डील में महारथ

अलाअबामा से रिपब्लिकन सांसद माइक रोजर्स अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों में से एक हैं। वे 'हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी' (एचएएससी) के चेयरमैन हैं। अमेरिकी सेना को कब, कहां और कितना पैसा मिलेगा, यह माइक रोजर्स तय करते हैं। पेंटागन का बजट उनकी कलम से होकर गुजरता है।



### एडम स्मिथ: विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा

वाशिंगटन राज्य से डेमोक्रेटिक सांसद एडम स्मिथ, 'हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी' में 'रैंकिंग मेंबर' हैं। इसका मतलब है कि वे इस कमेटी में विपक्ष (डेमोक्रेट्स) के सबसे बड़े नेता हैं। इससे पहले वे इस कमेटी के चेयरमैन रह चुके हैं। रक्षा मामलों में उनकी पकड़ उतनी ही मजबूत है जितनी माइक रोजर्स की। इनका अपना ओहदा है।



### जिमी: ट्रंप के फायदा नुकसान बताने वाले

जिमी पैट्रोनिस फ्लोरिडा राज्य के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर हैं। हालांकि वे सांसद नहीं हैं, लेकिन डेलिगेशन में उनकी मौजूदगी सबसे दिलचस्प है। वे फ्लोरिडा से आते हैं, जो डोनाल्ड ट्रंप का गृह राज्य है। वे ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं और रिपब्लिकन पार्टी के बिजनेस विंग का प्रतिनिधित्व करते हैं।



### चार दिवसीय यात्रा पर भारत आईं डेर

# भारत पहुंचीं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, फ्री ट्रेड और डिफेंस डील पर लगेगी मुहर



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन शनिवार को राजकीय यात्रा पर राष्ट्रीय राजधानी पहुंचीं, जहां वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने उनका स्वागत किया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के रिश्तों में एक नया और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन अपनी चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच गई हैं। उनके साथ-साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी रविवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। यह यात्रा भारत के लिए दो वजहों से खास है- पहला, ये दोनों यूरोपीय दिग्गज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, और दूसरा, 27 जनवरी को होने वाली बैठक में कई बड़े व्यापारिक समझौतों पर मुहर लग सकती है।

#### » महत्वपूर्ण डील होने की मुख्य वजह

- *यूरोपीय संघ एक ब्लॉक के रूप में भारत का सबसे बड़ा 'गुड्स ट्रेडिंग पार्टनर' (सामान का व्यापार करने वाला साझेदार) है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईयू के बीच कुल 136 अरब डॉलर (करीब 11 लाख करोड़ रुपये) का व्यापार हुआ। अच्छी बात यह है कि भारत ने इसमें 76 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि आयात 60 अरब डॉलर रहा।*
- *वैश्विक संकेत यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की आर्थिक और सुरक्षा नीतियों के कारण वैश्विक स्तर पर चिंताएं बढ़ी हुई हैं। ऐसे में दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र-भारत और यूरोपीय संघ-आपसी विश्वास और साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने हवाई अड्डे पर उर्सुला वॉन डेर लेन का स्वागत किया, जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने इसे रणनीतिक साझेदारी का 'अगला चरण' बताया।*

# स्विस रिपोर्ट में हुआ खुलासा: ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने मचा दी थी तबाही...जिससे पाकिस्तान सीजफायर को हो गया मजबूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायु श्रेष्ठता ने पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मजबूर किया था। यह खुलासा स्विस थिंक टैंक सेंटर डी हिस्टोयर एट डे प्रॉस्पेक्टिव मिलिटेयर्स (सीएचपीएम) की एक विस्तृत सैन्य रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए चार दिवसीय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वायु श्रेष्ठता ने पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मजबूर किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान की एयरफोर्स ने जैसे ड्रोनों का इस्तेमाल किया, लेकिन भारतीय रक्षा प्रणाली को वह भेद नहीं सका। लिहाजा वे महत्वपूर्ण लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सके।

#### भारत की रक्षा प्रणाली को नहीं भेद पाए पाक ड्रोन




### टॉमहॉक मिसाइलों की तैनाती के बाद बंकर में छिपे खामेनेई

**तेहरान(एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में युद्ध के बादल गहराते जा रहे हैं। अमेरिका द्वारा ईरान की घेराबंदी और घातक टॉमहॉक मिसाइलों की तैनाती के बीच खबर है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सुरक्षा कारणों से 'अंडरग्राउंड' हो गए हैं। उन्होंने तेहरान स्थित एक विशेष सुरक्षित बंकर में शरण ली है।

### नेपाली कांग्रेस ने राष्ट्रीय सभा की नौ सीट जीतीं, सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

**काठमांडू (भाषा)।** नेपाल में संसद के उच्च सदन राष्ट्रीय सभा (नेशनल असेंबली) की रिक्त 17 सीट को भरने को रविवार हुए मतदान में नेपाली कांग्रेस नौ सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) आठ सीट पर जीत के साथ दूसरे स्थान पर रही, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी को एक सीट हासिल हुई। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने उच्च सदन की रिक्त सीटों के लिए मतदान से पहले एक समझौते पर सहमति जताई थी।

### अमेरिकी सेना सचिव व भारतीय सेनाध्यक्ष मिले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूएस सेक्रेटरी ऑफ द आर्मी (अमेरिकी सेना सचिव) डैनियल पी. ड्रिस्कॉल व भारतीय थल सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई है। इस उच्चस्तरीय बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने, मिलिट्री-टू-मिलिट्री सहभागिता को और गहन करने तथा वैश्विक शांति और सुरक्षा के प्रति दोनों सेनाओं की साझा प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने पर व्यापक चर्चा की गई।बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28